हरिभूमि

# मालवा भूमि फ्रंट पेज

भोपाल, शनिवार 17 जनवरी 2026

[ देवास | शाजापुर | शुजालपुर | कालापीपल | नलखेड़ा | कानड़ | आगर मालवा | ललितपुर | कायथा ]

04 करोड़ों रुपए की धोखाधड़ी करने वाले 5 शातिर...




07 जिलाधिकारी ने जनसुनवाई में किया समस्याओं...



## खबर संक्षेप में

### पीएम श्री धरोला की दीपिका ने जिला स्तरीय विज्ञान प्रदर्शनी में भाग लिया

**नलखेड़ा।** गुरुवार को आगर मालवा में आयोजित जिला स्तरीय विज्ञान प्रदर्शनी प्रतियोगिता में पीएम श्री शासकीय हाईस्कूल धरोला की कक्षा 6वीं की छात्रा दीपिका पुत्री शिवलाल मेघवाल ने भाग लिया। विज्ञान शिक्षक करणसिंह वर्मा ने बताया कि विज्ञान गीत गायन में पहले स्कूल स्तर फिर ब्लाक स्तरीय प्रतियोगिता में चयनित होकर अब इस प्रतिभाशाली छात्रा ने जिला स्तरीय प्रतियोगिता में भाग लिया है। छात्रा की इस उपलब्धि पर शाला प्रभारी सुभाष दांगी सहित सभी शिक्षकों ने हर्ष व्यक्त करते हुए छात्रा को बधाई दी है तथा उसके उज्जवल भविष्य की कामना की है।



### कलेक्टर बालागुरू के. ने एसआईआर कार्य प्रगति की समीक्षा की

**सीहोर।** कलेक्टर बालागुरू के. ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) कार्यों की प्रगति की समीक्षा की। बैठक में अनमैप मतदाताओं को नोटिस जारी करने, दावे-आपत्तियां प्राप्त करने तथा सुनवाई की कार्रवाई की स्थिति पर विस्तार से चर्चा की गई। कलेक्टर ने निर्देश दिए कि बीएलओ सहित संबंधित अधिकारी-कर्मचारी मतदाताओं को आवश्यक सहयोग प्रदान करें, ताकि अद्यतन प्रक्रिया सुचारू रूप से पूरी की जा सके। उन्होंने दावे-आपत्तियां प्राप्त करने और उनकी सुनवाई के कार्य में और अधिक गति लाने पर विशेष जोर दिया। कलेक्टर बालागुरू के. ने स्पष्ट कहा कि विशेष गहन पुनरीक्षण अभियान के दौरान कोई भी पात्र मतदाता सूची से छूटना नहीं चाहिए।

### चाणक्यपुरी में नाले पर अवैध दीवार, बारिश में जलभराव होने का खतरा

**सीहोर।** चाणक्यपुरी क्षेत्र में ए-वन सिटी कॉलोनी के पास एक नाले पर अवैध रूप से पक्की दीवार बनाए जाने का मामला सामने आया है। आरोप है कि यह निर्माण व्यावसायिक उद्देश्य से किया जा रहा है और इसके लिए शासकीय भूमि पर अतिक्रमण किया गया है। चाणक्यपुरी एक घनी आबादी वाला इलाका है। यहां से गुजरने वाला यह कच्चा नाला आसपास की कई कॉलोनियों के लिए पानी निकासी का मुख्य रास्ता है। स्थानीय लोगों का कहना है कि नाले पर दीवार बनने से पानी का बहाव रुक जाएगा और बारिश के मौसम में घरों में पानी घुस सकता है।

### जिले की लाड़ली बहनों ने राज्य स्तरीय कार्यक्रम का सीधा प्रसारण देखा

# जिले की लाड़ली बहनों के खातों में 16 करोड़ 75 लाख की राशि अंतरित





हरिभूमि न्यूज ⏭ नलखेड़ा

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने माखन नगर जिला नर्मदापुरम में आयोजित लाड़ली बहनों के राज्य स्तरीय सम्मेलन में मुख्यमंत्री लाड़ली बहना योजना अंतर्गत प्रदेश की 1 करोड़ 25 लाख 31 हजार से अधिक पात्र बहनों के खातों में 1836 करोड़ रुपये से अधिक की राशि सिंगल क्लिक के माध्यम से अंतरित की। साथ ही 29 लाख बहनों को गैस सिलेंडर रीफिलिंग हेतु 90 करोड़ रुपये से अधिक की राशि का भी अंतरण किया गया।

इस अवसर पर आगर-मालवा जिले की 1 लाख 13 हजार 840 हितग्राही बहनों के खातों में 16 करोड़ 75 लाख 89 हजार रुपये की राशि सिंगल क्लिक के माध्यम से प्राप्त हुई। जिला पंचायत आगर के सभागार में कलेक्टर प्रीति यादव के मुख्य आतिथ्य में जिला स्तरीय राशि वितरण कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में जिले की लाड़ली बहनों ने राज्य स्तरीय कार्यक्रम का सीधा प्रसारण देखा एवं सुना। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में जिला पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि भैरूसिंह चौहान उपस्थित रहे।



**सशक्त नारी से ही सशक्त समाज और सशक्त राष्ट्र का निर्माण संभवः** कलेक्टर प्रीति यादव ने लाड़ली बहनों को संबोधित करते हुए कहा कि नारी केवल परिवार का आधार ही नहीं, बल्कि समाज और राष्ट्र निर्माण में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। सशक्त नारी से ही सशक्त समाज और सशक्त राष्ट्र का निर्माण संभव है। उन्होंने कहा कि महिलाओं का सशक्त एवं आत्मनिर्भर होना अत्यंत आवश्यक है। शासन द्वारा संचालित विभिन्न योजनाएं महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने में प्रभावी भूमिका निभा रही हैं। मुख्यमंत्री लाड़ली बहना योजना से महिलाओं का सम्मान बढ़ा है तथा प्रतिमाह मिलने वाली राशि महिलाओं के आर्थिक सशक्तिकरण का सशक्त माध्यम बन रही है।

कलेक्टर ने लाड़ली बहनों से आह्वान किया कि वे योजना से प्राप्त राशि में से बचत की आदत डालें, अपनी आय के स्रोत बढ़ाएं, स्व-सहायता समूहों से जुड़ें तथा स्वरोजगार अपनाकर अधिकारियों के मार्गदर्शन में सफलता प्राप्त करें। उन्होंने बाल विवाह न करने एवं समाज में बाल विवाह रोकने का भी संदेश दिया तथा बेटों के समान बेटियों को शिक्षा देने पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि शिक्षित बेटियां आत्मनिर्भर एवं स्वावलंबी बनती हैं। जिला अध्यक्ष प्रतिनिधि चौहान ने भी कार्यक्रम को संबोधित किया। कार्यक्रम में उपस्थितजनों को बाल विवाह रोकथाम को लेकर शपथ दिलाई गई, जिसमें सभी ने स्वयं बाल विवाह न करने तथा समाज में बाल विवाह न होने देने का संकल्प लिया। इस अवसर पर जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास विभाग राजीव गुप्ता, परियोजना अधिकारी मनीषा चौबे, सामाजिक कार्यकर्ता जमील काजी, विभागीय अमला, जनप्रतिनिधिगण एवं बड़ी संख्या में लाड़ली बहनाएं उपस्थित रहीं।

# नेत्र शिविर में 163 मरीजों की जांच की, 47 का चयन





**नलखेड़ा।** सद्गुरु सेवा संघ ट्रस्ट आनंदपुर एवं सरदार पटेल युवा संगठन के संयुक्त तत्वावधान में ग्राम गुदरावन में 18 वा नेत्र जांच एवं मोतियाबिंद ऑपरेशन शिविर का आयोजन पाटीदार धर्मशाला गुदरावन में शुक्रवार को हुआ। जिसमें 163 मरीजों की आंखों की जांच की गई जिनमे से 47 मरीजों का चयन मोतियाबिंद ऑपरेशन के लिए किया गया। ऑपरेशन के लिए चयनित मरीजों को बस द्वारा आनंदपुर ले जाया गया जहाँ निशुल्क ऑपरेशन कर गुदरावन छोड़ा जाएगा।

शुक्रवार को आयोजित नेत्र जांच शिविर में सद्गुरु सेवा संघ ट्रस्ट आनंदपुर से आये चिकित्सकों डॉक्टर अंकुश पाल, डॉ रणवीर बघेल, डॉ जीतू पाठक, कैंप इंचार्ज लखन शर्मा, कल्पेश शर्मा, राम कोठारी, विशाल जादौन एवं गब्बर नामदेव के विशेष मार्गदर्शन में मरीजों की आंखों की जांच की गई। तथा जिन मरीजों में शुगर बढ़ी हुई थी उन्हें अगले कैंप में आने की सलाह दी गई। जानकारी देते हुए जय नारायण चौधरी ने बताया कि ग्राम गुदरावन में यह 18वां नेत्र जांच शिविर था। अभी तक 2880 मरीजों की जांच तथा 671 मरीज के मोतियाबिंद के ऑपरेशन संपन्न हुए हैं। शुक्रवार को चयनित मरीजो को बस द्वारा आनंदपुर रवाना किया गया तथा ऑपरेशन के उपरांत रविवार को पुनः सभी मरीजों को बस द्वारा पाटीदार धर्मशाला गुदरावन छोड़ जाएगा। वहां इनका रहने खाने लेंस दवाई चश्मा आदि निशुल्क प्रदान किए जाएंगे। अगला कैंप 20 फरवरी को लगेगा।

# आउटसोर्स विद्युत कर्मचारियों ने मांगों को लेकर सौंपा ज्ञापन



**नलखेड़ा।** आउटसोर्स विद्युत कर्मचारी संगठन ने अपनी विभिन्न मांगों को लेकर स्थानीय भारतीय जनता पार्टी मंडल रोहित सकलेचा को ज्ञापन सौंपा है। शुक्रवार को आउटसोर्स विद्युत कर्मचारी संगठन आगर जिला द्वारा भाजपा मंडल अध्यक्ष को सौंपे गए ज्ञापन में बताया कि आउटसोर्स कर्मचारियों की समस्याओं का कई बार संबंधित कंपनी द्वारा समय सीमा तय करने के बाद आज तक निराकरण नहीं हुआ है। साथ ही दिवंगत कर्मचारी लखन बैरागी को आज तक हितलाभ प्राप्त नहीं हुआ है।

ज्ञापन में बताया कि मप्र विद्युत वितरण कंपनी पश्चिम क्षेत्र जिला आगर में 550 आउटसोर्स कर्मचारी कार्यरत हैं। जो मानव सेवा प्रदाता फर्म मेसर्स टीडीएस मैनेजमेंट कंसलटेड लिमिटेड मोहाली के माध्यम से कार्यरत हैं। ज्ञापन में बताया गया कि संगठन अपनी 14 सूत्रीय मांगों को लेकर लगातार पत्राचार ज्ञापन व चर्चा कर रहा है लेकिन कन्सल्टेड कंपनी की कार्यशैली में कोई बदलाव नहीं आया है। मेसर्स टीडीएस मैनेजमेंट कंसलटेड लिमिटेड मोहाली की मनमानी एवं विद्युत कंपनी के वरिष्ठ अधिकारियों का संरक्षण होने से हमारी मांगे आज तक निराकृत नहीं हो पाई है। ज्ञापन में संगठन द्वारा आउटसोर्स कर्मचारियों की मांगों का निराकरण करवाने व मेसर्स टीडीएस मैनेजमेंट कंसलटेड लिमिटेड मोहाली को ब्लैक लिस्टेड करवाने की मांग की गई है।

# नलखेड़ा में शुरू हुई स्वच्छता साथी- वॉश ऑन व्हील सेवा

हरिभूमि न्यूज ⏭ नलखेड़ा

ग्रामीण क्षेत्रों में संस्थागत शौचालयों की स्वच्छता व्यवस्था को अधिक सुदृढ़, व्यवस्थित एवं सतत बनाने के उद्देश्य से शासन की अभिनव पहल स्वच्छता साथी- वॉश ऑन व्हील सेवा की शुरुआत जनपद पंचायत नलखेड़ा में की गई है। इस अवसर पर जनपद पंचायत नलखेड़ा की मुख्य कार्यपालन अधिकारी अश्वनी पाटीदार एवं जिला समन्वयक-एसबीएम पवन स्वर्णकार की उपस्थिति में स्वच्छता साथियों को सेवा हेतु आवश्यक सामग्री प्रदान कर बेहतर कार्य के लिए प्रोत्साहित किया गया। स्वच्छता सम्मान कार्यक्रम में ब्लॉक समन्वयक रोहित कलमोदिया, सरपंच प्रतिनिधि, जनपद पंचायत स्टाफ एवं स्वच्छता साथी उपस्थित रहे। जनपद नलखेड़ा अंतर्गत सुईगांव क्लस्टर के स्वच्छता साथी विकास पिता जगदीश को वॉश ऑन व्हील सेवा हेतु आवश्यक स्वच्छता किट एवं आधुनिक सफाई उपकरण प्रदान किए गए। इस दौरान स्वच्छता व्यवस्था को और अधिक प्रभावी एवं पेशेवर बनाने पर जोर दिया गया।

उल्लेखनीय है कि ब्लॉक नलखेड़ा के अंतर्गत सुईगांव, धरोला, भंडावद, पचलाना एवं भेसौदाकुइन पाँच क्लस्टरों के 92 ग्रामों में मांग एवं पूर्ति के सिद्धांत पर वॉश ऑन व्हील सेवा संचालित की जाएगी। इसी क्रम में विगत दिवस क्लस्टर ग्राम पंचायत पचलाना में वॉश ऑन व्हील सेवा का विधिवत शुभारंभ किया गया। ग्राम पंचायत कार्यालय पचलाना में आयोजित कार्यक्रम के दौरान स्वच्छता साथी कमल गोड़ाले पिता रामसिंह को आवश्यक स्वच्छता किट एवं आधुनिक सफाई उपकरण प्रदान किए गए।




कार्यक्रम में ब्लॉक समन्वयक रोहित कलमोदिया, सरपंच पवन पाटीदार, ग्राम पंचायत सचिव बाबूलाल चौधरी, सहायक सचिव प्रकाश नगर सहित स्वच्छता साथी कमल गोड़ाले उपस्थित रहे। जानकारी दी गई कि स्वच्छता साथी कमल, क्लस्टर ग्राम पंचायत पचलाना के अंतर्गत सम्मिलित 12 अन्य ग्राम पंचायतों के मैप किए गए ग्रामों में भी मांग एवं पूर्ति के सिद्धांत पर सेवा प्रदान करेंगे। इस सेवा के अंतर्गत शासकीय भवनों, विद्यालयों, आंगनवाड़ी केंद्रों, उप-स्वास्थ्य केंद्रों एवं अन्य संस्थागत शौचालयों की समयबद्ध एवं मानक अनुसार साफ-सफाई सुनिश्चित की जाएगी। कार्यक्रम के दौरान स्वच्छता किट में सम्मिलित उपकरणों के सुरक्षित उपयोग, मानक सफाई प्रक्रिया एवं स्वच्छता संबंधी दिशा-निर्देशों की जानकारी भी दी गई। यह पहल ग्राम पंचायत एवं क्लस्टर स्तर पर स्वच्छता व्यवस्था को व्यवस्थित, पेशेवर एवं टिकाऊ बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम मानी जा रही है।

### नपा के तत्वावधान में सात फरवरी को होगा प्रतिभाओं का सम्मान

# नगर की प्रगति के लिए प्रतिभाओं का मंच से सम्मान किया जाना जरूरीः प्रिंस राठौर



हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

किसी भी नगर का विकास सही मायनों में तभी हो सकता है, जब उस नगर की प्रतिभाओं को सार्वजनिक रूप से सम्मानित किया जाये। प्रतिभाओं के सम्मान से अन्य वर्गों के लोगों को भी प्रेरणा मिलती है। हमारे यहां पर आध्यतम का क्षेत्र, उद्योग का क्षेत्र, खेल, शिक्षा, सामाजिक गतिविधियों के अलावा अन्य क्षेत्र ऐसे है जिनमें अनेक प्रतिभाओं ने हमारे क्षेत्र का नाम रोशन विश्व पटल पर दर्ज किया है, ऐसी प्रतिभाओं को मंच से सम्मान देने के लिए नगर पालिका के तत्वाधान में सात फरवरी को भव्य रूप से प्रतिभाओं का सम्मान किया जाएगा। उक्त विचार नगर पालिका सभाकक्ष में आयोजित पत्रकार वार्ता के दौरान नगर पालिका अध्यक्ष प्रिंस राठौर ने कहे।

पत्रकारों को संबोधित करते हुए नगर पालिका अध्यक्ष श्री राठौर ने कहाकि नगर पालिका परिषद के द्वारा शहर के सभी वार्डों में तेजी से विकास कार्य किया जा रहा है। हमारा शहर स्वच्छता के मामले में प्रदेश की नगर पालिका में अव्वल है और यहां पर रहने वाले सभी लोग अपनी जिम्मेदारियों के साथ परिषद को सहयोग कर रहे हैं। कई लोग नगर के लिए प्रेरणा बन चुके हैं। उसमें संडे का सुकून की टीम ने लगातार एक साल तक जिला अस्पाताल में पहुंचकर निशुल्क भोजन की व्यवस्था की, इसके अलावा राजू सोनी अंतिम संस्कार में शामिल होकर अपनी उपस्थिति दर्ज कराते है, ऐसे कई लोग है जो समाज में सराहनीय कार्य करते हुए आ रहे है, नगर पालिका परिषद कला, साहित्य, शिक्षा, समाजसेवी संगठनों के अलावा खेल सहित अन्य क्षेत्रों में छुपी प्रतिभाओं का सम्मान करना चाहती है। इसके लिए आपके सुझाव और रुपरेखा बनाने के लिए इस बैठक का आयोजन किया जा रहा है। इस मौके पर कुछ पत्रकारों ने बताया कि प्रतिभा सम्मान समारोह में सभी पत्रकारों के द्वारा सराहनीय कार्य करने वालों का स्वागत किया जाएगा। इसके लिए सभी पत्रकारों ने अपनी सहमति दी और कहाकि इसके लिए सामूहिक प्रयास की जरूरत है।

**सेलिब्रिटी, संत और जनप्रतिनिधि रहेंगे शामिल :** आगामी सात फरवरी को होने वाले सम्मान समारोह के लिए सेलिब्रिटी, संत और जनप्रतिनिधियों को आमंत्रित किया जाएगा। इसके अलावा नगर पालिका अध्यक्ष श्री राठौर ने कहाकि सोशल मीडिया सहित अन्य के माध्यम से क्षेत्र में श्रेष्ठ कार्य करने वालों को आमंत्रित कर मंच से प्रतिभा सम्मान किया जाएगा।

#### पर्यावरण और स्वच्छता के क्षेत्र में अनेक संगठन सक्रिय

इस दौरान यहां पर उपस्थित लोगों ने बताया कि हमारे नगर में अनेक समाज और संगठन ऐसे है जो पर्यावरण और स्वच्छता के कार्य में लगे रहते है, प्रतिभाओं का सम्मान नगर की प्रगति का आधार है। उन्होंने जोर दिया कि ऐसे आयोजन ऐसे कार्य करने वालों को आगे बढ़ने की प्रेरणा देते हैं और उनमें आत्मविश्वास बढ़ाते हैं। सामाजिक समरसता को एक समृद्ध और स्वच्छता के लिए आवश्यक बताते हुए सभी वर्गों से नगर के विकास में सक्रिय भागीदारी का आह्वान किया।

# उत्कृष्ट विद्यालय से चंदन ले गए अज्ञात चोरों ने पेड़ की टहनी पर चलाई आरी

### प्रबंधन ने पुलिस को नहीं दी सूचना

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

जिला मुख्यालय पर स्थित शासकीय उत्कृष्ट विद्यालय क्रमांक 1 से चंदन के पेड़ चोरी हो गए हैं। यह घटना तब हुई जब स्कूल में पर्याप्त सुरक्षा व्यवस्था और चौकीदार तैनात थे। अज्ञात चोर चुपचाप स्कूल परिसर से चंदन का पेड़ काटकर ले गए। चौंकाने वाली बात यह है कि चोरी की घटना के बावजूद स्कूल प्रबंधन ने अभी तक पुलिस को इसकी सूचना नहीं दी है।

इस बारे में प्राचार्य सुनीता जैन ने बताया कि उन्हें चोरी की जानकारी बाद में मिली। यह विद्यालय सीवन नदी के किनारे और पुलिस अधीक्षक कार्यालय के काफी नजदीक स्थित है।



**प्रबंधन कर रहा छिपाने का प्रयासः** बताया जा रहा है कि स्कूल परिसर में चंदन का कटा हुआ पेड़ साफ दिखाई दे रहा है, लेकिन प्रबंधन इसे छिपाने का प्रयास कर रहा है। सीहोर जिले में इन दिनों चोरी की घटनाएं लगातार बढ़ रही हैं और पुलिस चोरों तक पहुंचने में नाकाम रही है। शासकीय संस्थान में चोरी होने और एफआईआर दर्ज न होने का यह मामला चिंताजनक है।

## खबर संक्षेप

### अवैध मदिरा संग्रहण व विक्रय पर की कार्रवाई



**देवास।** कलेक्टर ऋतुराज सिंह के निर्देशानुसार जिले में आबकारी विभाग द्वारा अवैध मदिरा के निर्माण, विक्रय एवं परिवहन करने वालों के विरुद्ध लगातार कार्यवाही की जा रही है। इसी कड़ी में आबकारी विभाग द्वारा वृत्त बागली क्षेत्र में कार्यवाही कर 32 लीटर हाथ भट्टी मदिरा एवं 600 किलो ग्राम महुआ लाहन बरामद किया गया । कार्यवाही में 05 प्रकरण मध्य प्रदेश आबकारी अधिनियम 1915 की धारा 34(1) के तहत दर्ज किए गए है,जप्त सामग्री का मूल्य लगभग 66400 रुपये है। कार्यावाही में आबकारी उपनिरीक प्रेम यादव आबकारी आरक्षक राजेश जोशी,सुरेंद्र एवं गीतेश सम्मिलित रहे, इस प्रकार की कार्यवाही निरंतर जारी रहेगी।

### टोंकखुर्द में कार्यक्रम का आयोजन हुआ

**देवास।** महिला बाल विकास अधिकारी देवास ने बताया कि बाल विवाह की कुप्रथा को जड़ से समाप्त करने के उद्देश्य से भारत सरकार द्वारा संचालित 100 दिवसीय सघन अभियान ₹बाल विवाह मुक्त भारत₹ के द्वितीय चरण का आयोजन टोंकखुर्द परियोजना के जनपद सभाकक्ष में किया गया। इस अवसर पर विभागीय अधिकारियों सहित स्थानीय जनप्रतिनिधियों ने शिरकत की और समाज को इस सामाजिक बुराई से मुक्त करने का संकल्प लिया। कार्यक्रम की शुरुआत में महिला एवं बाल विकास विभाग की परामर्शदाता डॉ. एकता जायसवाल ने अभियान के मुख्य उद्देश्यों पर प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि यह अभियान सैचुरेशन अप्रोच के साथ चलाया जा रहा है, ताकि समाज के हर वर्ग तक पहुँच सुनिश्चित की जा सके। परियोजना अधिकारी नीतू हनवाल ने बाल विवाह प्रतिषेध अधिनियम के कानूनी प्रावधानों की विस्तृत जानकारी साझा की। उन्होंने कहा कि बाल विवाह न केवल एक सामाजिक अभिशाप है।

## औद्योगिक क्षेत्र पुलिस ने तकनीकी, आधुनिकता के साथ की त्वरित कार्रवाई

# करोड़ों रुपए की धोखाधड़ी करने वाले 5 शातिर बदमाशों को किया गिरफ्तार

### साइबर ठगों के 'डिजिटल साम्राज्य' पर औद्योगिक क्षेत्र पुलिस का वज्रप्रहार; 05 शातिर गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास




8 जनवरी को औद्योगिक क्षेत्र पुलिस को मुखबिर द्वारा विश्वसनीय सूचना प्राप्त हुई कि होटल श्री जी गंगानगर देवास में कुछ लोग रुके हुए हैं जो साइबर फ्रॉड से संबंधित हो सकते हैं। उक्त सूचना को औद्योगिक क्षेत्र पुलिस ने तत्काल संज्ञान में लेकर वरिष्ठ अधिकारियों को अवगत कराय। पुलिस अधीक्षक देवास पुनीत गेहलोद द्वारा उक्त साइबर फ्रॉड से संबंधित संदिग्धों को चेक करने के आदेश दिए गए। साइबर फ्रॉड संदिग्धों को चेक करने हेतु थाना प्रभारी थाना औद्योगिक क्षेत्र निरीक्षक शशिकांत चौरसिया को निर्देशित कर एक विशेष टीम का गठन किया गया था।पुलिस टीम द्वारा होटल श्री जी गंगानगर देवास में त्वरित दबिश दी जाकर साइबर फ्रॉड से संबंधित पाँच शातिर संदिग्धों मुनेश्वर उर्फ मनीष सेन, पीयूष बिल्लोरे, शुभम जोशी, आशीष जैन उर्फ गोलू व गौरव जैन को अभिरक्षा में लेकर पूछताछ की गई तथा उनके बैंक स्टेटमेंट खंगाले गये तो उनमें करोड़ों का ट्रांजैक्शन प्राप्त हुआ।

आरोपीगण ने पूछताछ पर बताया कि वे अपनी आइडेंटिटी छुपाकर टेलीग्राम के जरिये भोले-भाले लोगों को शेयर मार्केट में निवेश के नाम पर लाभ दिलाने का लालच देकर खातों में करोड़ों रुपये का ट्रांजैक्शन करवाते थे तथा रफूचक्कर हो जाते थे। आरोपीगण से पूछताछ में 02 अन्य आरोपी मंजीत भाटी उर्फ राज सोनी तथा हर्ष पुरोहित उर्फ छोटू का खुलासा हुआ है जिनके जरिये यह सभी साइबर फ्रॉड को अंजाम दे रहे थे।औद्योगिक क्षेत्र पुलिस ने आरोपीगण के विरुद्ध अपराध क्रमांक 21/2026 धारा 318(4), 316(5) बी.एन.एस. का पंजीबद्ध कर आरोपीगण को गिरफ्तार किया। आरोपीगण के कब्जे से चेकबुक, एटीएम कार्ड, पैन कार्ड, आधार कार्ड व 6 अत्याधुनिक मोबाइल फोन कीमती करीबन 2 लाख रुपये तथा घटना में प्रयुक्त एक टाटा नेक्सन कार क्रमांक MP22ZA1009 कीमती करीबन 10 लाख रुपये, कुल 12 लाख रुपये का मशरूका जब्त किया गया तथा खातों में साइबर फ्रॉड से संबंधित 13 लाख रुपये की धनराशि फ्रीज करवाई गई। आरोपीगण को न्यायालय के समक्ष पेश कर पुलिस रिमांड प्राप्त किया जाकर पूछताछ जारी है।

पुलिस टीम तकनीकी साक्ष्यों का विश्लेषण कर डिजिटल ट्रेल का पीछा कर रही है।आरोपीगण अपनी आइडेंटिटी छुपाकर टेलीग्राम के जरिये भोले-भाले लोगों को शेयर मार्केट में निवेश के नाम पर लाभ दिलाने का लालच देकर खातों में करोड़ों रुपये का ट्रांजेक्शन करवाते थे तथा रफूचक्कर हो जाते थे। आरोपीगण अपनी पहचान व पते सभी फर्जी दिखाते थे। पुलिस ने आरोपियों के पास से दस्तावेज (चेकबुक, एटीएम कार्ड, पैन कार्ड, आधार कार्ड) उपकरणः 06 अत्याधुनिक मोबाइल फोन (कीमत लगभग 2 लाख रुपये) धनराशिः साइबर फ्रॉड से संबंधित करीबन 13 लाख रुपये की राशि फ्रीज कराई गई।पुलिस ने टाटा नेक्सन कार क्रमांक MP22ZA1009 (कीमत लगभग 10 लाख रुपये)कुल जब्तीः करीबन 12 लाख रुपये तथा 13 लाख रुपये खाते में फ्रीज किए।इस चुनौतीपूर्ण कार्रवाई को सफलतापूर्वक अंजाम देने में निरीक्षक शशिकांत चौरसिया (थाना प्रभारी, औद्योगिक क्षेत्र), उनि राकेश चौहान, उनि राधेश्याम वर्मा, उनि नरेन्द्र अम्करे, आर.अजय जाट, आर. लक्ष्मीकांत शर्मा, आर. नरेन्द्र सिरसाम तथा साइबर सेल से प्र.आर. सचिन चौहान, प्र.आर. शिव प्रताप की विशेष और सराहनीय भूमिका रही।

# आग से झुलसी महिला की इलाज के दौरान मौत पर दोषियों पर कार्रवाई की मांग

### सतवास में नाली अतिक्रमण विवाद

हरिभूमि न्यूज ⏭ चापड़ा



सतवास नगर में नाली अतिक्रमण विवाद के दौरान आत्मदाह का प्रयास करने वाली जयश्री व्यास का इंदौर के निजी अस्पताल में इलाज के दौरान पिछले दिनों निधन हो गया। घटना 24 दिसंबर को हुई थी, जब नगर परिषद और राजस्व विभाग की टीम अतिक्रमण हटाने पहुंची थी।

कार्रवाई के दौरान दंपती संतोष व्यास और जयश्री व्यास ने प्रताड़ित होकर विरोध स्वरूप खुद पर पेट्रोल डालकर आग लगा ली थी ,मौके पर मौजूद लोगों ने आग बुझाई और दोनों को प्राथमिक उपचार के बाद इंदौर रेफर किया गया था। मृतक जय श्री व्यास बागली नगर की बेटी थी,जिससे बागली नगर व सतवास में गहरा आक्रोश हे। जयश्री करीब 18 दिनों तक अस्पताल में भर्ती रहीं। इलाज के दौरान उनकी दो सर्जरी की गई थीं। डॉक्टरों के अनुसार हालत में सुधार हो रहा था, लेकिन अचानक तबीयत बिगड़ने पर उन्हें वेंटिलेटर पर रखा गया व इलाज के दौरान मौत हो गई और घटना को लेकर जिले के सर्व ब्राह्मण समाज व बागली विधानसभा के सतवास व बागली के नगरवासियों ने कलेक्टर, मुख्यमंत्री के नाम दोषियों पर कार्यवाही हेतु ज्ञापन भी दिया।

जांच पूरी नहीं होने पर सम्पूर्ण बागली विधानसभा में आक्रोश का माहौल हे। वरिष्ठ अधिवक्ता प्रवीण चौधरी ने बताया कि जांच शीघ्र अति शीघ्र जांच पूरी होकर दोषियों पर कार्यवाही होना चाहिए.व समस्त उपचार का खर्च ,नुकसानी खर्च पीड़ित परिवार को मिलना चाहिए। न्याय न मिलने पर चरणबद्ध आंदोलन किया जाएगा। उक्त कार्रवाई की मांग करते हुए सर्व ब्राह्मण समाज बागली के सदस्य डॉ सुनील उपाध्याय, ओम शर्मा,गोपाल शर्मा,बंटी शर्मा इन्द्रनारायण पंचोली,गोपाल पंचोली,सोमेश उपाध्याय उत्तम आचार्य पदाधिकारी द्वारा दिया गया।

### मंदिर पर आयोजित हुआ हिंदू सम्मेलन




**चापडा।** आगुर्ली एवं बेड़ामऊ मंडल का भव्य हिंदू सम्मेलन हनुमान मंदिर मनोरा धाम में संपन्न हुआ। कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के रूप में क्रांतिकारी संत तरुण मुरारी बापू एवं विशेष अतिथि के रूप में हरेंद्र सिंह सेंधव विभाग धर्म जागरण सहसंयोजक एवं संजना परसाई हिन्दू जागरण मंच जिला समन्वयक मुख्य रूप से उपस्थित रहे। इस दौरान कलश यात्रा का आयोजन भी किया गया। अतिथियों के द्वारा भारत माता के चित्र पर दीप प्रज्वलित कर गौ माता का पूजन किया गया। अतिथियों का स्वागत मनोरा धाम मंदिर के अध्यक्ष के द्वारा किया गया। संजना परसाई ने संघ के पांच परिवर्तन सामाजिक समरसता को तुम प्रबोधन पर्यावरण संरक्षण नागरिक अनुशासन एवं स्व का बोध आदि बारे में विस्तार से बताया। विभाग सहसंयोजक हरेंद्र सेंधव द्वारा हिंदुत्व के ऊपर प्रकाश डाला। संत तरुण मुरारी बापू के द्वारा सामाजिक समरसता पर जोर देते हुए कहा कि एक संगत एक पंगत हो। लव जिहाद,गोरक्षा हिंदुत्व को जगाने के ऊपर प्रकाश डाला गया।कार्यक्रम का सफल संचालन राघवेंद्र सेंधव द्वारा किया गया। कार्यक्रम के अंत में भारत माता की आरती के साथ सहभोज के साथ कार्यक्रम का समापन किया गया। इस दौरान बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित हुए। सभी के सहयोग से भंडारे का आयोजन भी किया गया।

### आयुक्त ने वार्ड का निरीक्षण कर वासियों से की चर्चा



**देवास।** वार्ड 14 ग्राम बीराखेडी एवं वार्ड 15 अमोना मे आयुक्त दलीप कुमार ने पैदल भ्रमण कर वार्डवासियों से वन टु वन चर्चा की। बस्ती का निरीक्षण कर सफाई व्यवस्था मे कचरा पाईंट मिलने पर वार्ड दरोगा को सख्त चेतावनी दी। वहीं स्वास्थ्य अधिकारी को तत्काल कचरा उठवाए जाने हेतु कहा। रहवासियों को कचरा पाईंट नही बनने की हिदायत दी। पानी के वितरण पर भी चर्चा की। वार्डवासियों ने बताया कि पानी साफ आ रहा है। वहीं आयुक्त ने चन्द्रशेखर आजाद मल्टी का अचानक निरीक्षण किया जिसमें सफाई व्यवस्था को लेकर स्वास्थ्य अधिकारी के साथ ड्रेनेज व्यवस्था भी देखी ओर सफाई व्यवस्था को लेकर अप्रसन्नता व्यक्त की। पीने के पानी की टंकी को स्वंय आयुक्त ने देखी जिसकी तत्काल सफाई करवाने निर्देश देते हुये उसकी फोटो तथा सफाई कार्य होने के बाद की फोटो दिये जाने हेतु कहा। वहीं मल्टी में कचरा संग्रहण की वसुली एवं जलकर राशि की वसुली नही होने पर वसुली करवाये जाने के लिये प्र. कार्यपालन यंत्री को निर्देश दिये।

### मल्हार स्मृति मंदिर देवास में होगा राष्ट्रीय मतदाता दिवस कार्यक्रम

**देवास।** अपर कलेक्टर एवं उप जिला निर्वाचन अधिकारी शोभाराम सोलंकी ने बताया कि भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार 25 जनवरी 2026 को मतदाताओं को जागरूक करने एवं प्रजातंत्र में भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए जिला एवं मतदान केन्द्र स्तर पर राष्ट्रीय मतदाता दिवस का आयोजन किया जाएगा। 16वें राष्ट्रीय मतदाता दिवस की थीम ₹माय इण्डिया, माय वोट₹ है। जिसकी थीम ₹सिटीजन एट द हार्ट ऑफ इंडियन डेमोक्रेसी₹ है। जिला स्तर पर आयोजन के लिए अनुविभागीय अधिकारी अनुविभाग देवास, नोडल अधिकारी बनाया गया है। जिला मुख्यालय पर 25 जनवरी 2026 को राष्ट्रीय मतदाता दिवस पर मल्हार स्मृति मंदिर सभागृह देवास में पूर्वान्ह 11.30 बजे कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा।

# निगम ने रेस्टोरेंट पर 15 लाख रुपए बकाया होने से कुर्की और तालाबंदी की कार्रवाई की

हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास



निगम संपत्ति कर की टीम ने वसुली का लक्ष्य पूर्ण करने के लिये कुर्की व तालाबंदी जैसी कार्रवाई आयुक्त दलीप कुमार के निर्देशन मे की जा रही है। बकायादारों के द्वारा वर्षो से जिन्होनें अपनी बकाया राशि जमा नहीं की है उन पर शिकंजा राजस्व विभाग की टीम ने कसा।

तालाबंदी की कार्रवाई मे भोपाल बायपास स्थित चौहान रेस्टोरेंट नाश्ता पाईंट एवं पास ही मे मोहन महल मक्खन वाला रेस्टोरेंट पर संपत्ति कर की 15 लाख 22 हजार का संपत्तिकर बकाया होने से कुर्की की कार्यवाही कर तालाबंदी की गई। जलकर वसूली सीवरेज कनेक्शन,कचरा संग्रहण राशि की वसुली भी लक्ष्य पूरा करने हेतु आयुक्त ने राजस्व अधिकारी अनुभूति श्रीवास्तव को निर्देश दिये निर्देशानुसार स्वास्थ्य विभाग की टीम मे हेमन्त उबनारे, भूषण पवार, हरेन्द्र सिंह ठाकुर के द्वारा बिना लायसेंस व्यापार, गंदगी फैलाने, गिला, सुखा कचरा मिक्स करके कचरा संग्रहण वाहन मे डालने पर तथा दुकानों के आगे डस्टबीन नही रखने पर राशि 9 हजार की चालानी कार्यवाही की गई।

# सेना दिवस पर वाहन रैली का आयोजन संपन्न





हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास

5 जनवरी को 78 वे सेना दिवस के उपलक्ष्य मै सैनिक संगठन द्वारा वाहन रैली का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के अतिथि बीजेपी जिलाध्यक्ष राय सिंह, पूर्व प्राधिकरण अध्यक्ष राजेश यादव, एडिशनल एसपी भदोरिया, जिला खेल अधिकारी के द्वारा रैली को फ्लैग दिखाकर रवाना किया गया। रैली तुकोजीराव पवार स्टेडियम से भोपाल चौराहा, बस स्टैंड, सयाजी गेट से एम जी रोड, घंटा घर, जनता बैंक चौराहा, नयापुरा, नाहर दरवाजा से तुकोजीराव स्टेडियम पर पहुंचकर संपन्न हुई। रवि जैन सभापति, युवा भगतसिंह क्लब, अखिल भारतीय क्षत्रिय महासभा के द्वारा मंच से रैली का स्वागत किया गया। अतिथियों द्वारा एनसीसी के बहादुर बच्चे सिरोलिया, बरोठा, नापा खेड़ी, देवली, जय हिन्द एकेडमी, आजाद डिफेन्स एकेडमी, सन्नी फिजिकल एकेडमी चिढ़ावाद से पधारे सेनिको का दुपट्टा पहना कर स्वागत किया गया।

### क्षत्रिय महासभा रामवंशज ने किया रैली का स्वागत

78 वे भारतीय सेना दिवस के अवसर सैनिकों,भूतपूर्व सैनिकों, एनसीसी के बच्चों द्वारा वाहन रैली का आयोजन किया गया। जो शहर के विभिन्न मार्गो से होती हुई गंतव्य तक पहुँची । मार्ग में विभिन्न संगठनो द्वारा जोश जूनून ओर जज्बे के साथ रेली का स्वागत अभिनंदन किया गया। डायमण्ड चौराहे पर अखिल भारतीय क्षत्रिय महासभा रामवंशज के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष जैनेन्द्र सिंह पंवार व प्रदेश अध्यक्ष सैनिक प्रकोष्ठ रविन्द्र सिंह पंवार के नेतृत्व में सेना वाहन रैली का पुष्प वर्षा ओर तिंरगे मफलर द्वारा भव्य स्वागत किया गया। इस अवसर पर महासभा संगठन के पदाधिकारी, सामाजिक, राजनीति, धार्मिक संगठनों के उमेश झंवर, शरीफ मामू , जितेंद्र सिंह मोंटा दरबार, दीप सिंह, नीलेश वर्मा, मोहन राजपूत, मनोहर सिंह मकवाना, आनंद ठाकुर, गायक सलिम भाई ,मुबारिक मंसूरी, कृपाल सिंह ठाकुर, प्रवीण सिंह, जगदीश सिंह तथा व्यापारी बंधुओ ने उत्साह पूर्वक अपनी उपस्थिती दर्ज कराई। उक्त जानकारी आ.भा.क्ष.महासभा के प्रदेश अध्यक्ष सैनिक प्रकोष्ठ ठा. रविन्द्र सिंह पंवार ने दी।

## खेलो एमपी यूथ गेम्स-सोनकच्छ ब्लॉक स्तरीय चयन स्पर्धा संपन्न

# प्रतिभावान खिलाड़ियों ने उत्साहपूर्वक की सहभागिता

हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास



मध्यप्रदेश शासन के खेल एवं युवा कल्याण विभाग द्वारा आयोजित खेलों एमपी यूथ गेम्स प्रतियोगिता के अंतर्गत 12 जनवरी से 16 जनवरी तक सोनकच्छ में ब्लॉक स्तरीय (बालक एवं बालिका) की चयन स्पर्धा का आयोजन किया गया। स्पर्धा में क्षेत्र के प्रतिभावान खिलाड़ियों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की। चयन स्पर्धा का आयोजन विभिन्न खेलों के अनुसार अलग-अलग स्थलों पर किया गया। फुटबॉल एवं वॉलीबॉल चयन स्पर्धा शासकीय उत्कृष्ट विद्यालय परिसर, सोनकच्छ में आयोजित की गईं।

एथलेटिक्स, खो-खो, कबड्डी एवं रस्साकसी चयन स्पर्धा पायोनियर इंटरनेशनल स्कूल, सोनकच्छ में संपन्न हुईं। वहीं योगासन चयन स्पर्धा का आयोजन माँ जिनवाणी पब्लिक स्कूल, पुष्पगिरि, सोनकच्छ में किया गया। पाँच दिवसीय इस चयन स्पर्धा में खिलाड़ियों ने अपने खेल कौशल, अनुशासन और टीम भावना का उत्कृष्ट प्रदर्शन किया।

यह आयोजन युवाओं में खेल भावना के विकास, सामूहिक सहभागिता तथा जमीनी स्तर पर खेल प्रतिभाओं को प्रोत्साहित करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल है। प्रतियोगिता में श्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों का चयन जिला स्तरीय खेलों एमपी यूथ गेम्स प्रतियोगिता के लिए किया गया। प्रतियोगिता के अवसर पर जावेद पठान (खेल एवं युवा कल्याण विभाग, देवास), राजेंद्र सेंधव सचिव देवास कबड्डी कॉरपोरेशन, फुटबॉल कोच विल्सन निनामा, सचिन सिंह परिहार, वॉलीबॉल कोच आयुष गांगुड़े, खेल शिक्षक रॉबर्ट निनामा, खेल प्रशिक्षक राहुल सिंह पिलवाली, साकिर ख़ान, गंगाराम परमार, दुर्गेश जाजू, प्रेम मालवीय, पुष्पेंद्र तोमर, राहुल राठौर, मेघराज चावड़ा, राहुल वर्मा , अजीम शेख , अंकित टोपो एवं धर्मवीर यादव उपस्थित रहे। सभी ने खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन किया और खेलों के माध्यम से युवाओं के सर्वांगीण विकास पर जोर दिया। प्रतियोगिता का सफल आयोजन स्थानीय विद्यालय प्रशासन, खेल प्रशिक्षकों एवं आयोजन समिति के सहयोग से संपन्न हुआ।

# कायाकल्प योजना अंतर्गत वार्ड 22 में 12 लाख रुपए की लागत से डामरीकरण कार्य का शुभारंभ

हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास



वार्ड 22 मे कायाकल्प योजनान्तर्गत 12 लाख की लागत से जवाहर नगर मे पानी की टंकी के पास का डामरीकरण रोड बनाए जाने का शुभारंभ विधायक एवं महापौर प्रतिनिधि दुर्गेश अग्रवाल के द्वारा नेता सत्तापक्ष मनीष सेन, वार्ड पार्षद प्रतिनिधि रूपेश वर्मा, पार्षद राहूल दायमा, पार्षद प्रतिनिधि बाबु यादव महामंत्री मनीष सोलंकी के साथ मशीन का पूजन कर रोड डामरीकरण कार्य आरंभ करवाया। इस अवसर पर अग्रवाल ने कहा कि सरकार की इस कायाकल्प योजना के अन्तर्गत जवाहर नगर मे पानी की टंकी के पास का डामर रोड बन रहा है। हमारी सरकार के कार्यकाल एवं हमारी विधायक गायत्री राजे पवार के नेतृत्व में देवास मे चहुंमुखी विकास कार्य बिना भेदभाव से कर रहे है। इस अवसर पर वार्ड पार्षद प्रतिनिधि वर्मा ने विधायक गायत्री राजे पवार, महापौर गीता दुर्गेश अग्रवाल एवं उपस्थित सभी का आभार माना। इस अवसर पर वरिष्ठ भाजपा नेता रघुवीरसिह रघुवंशी, विपुल अग्रवाल, रहवासी सुनिल पथरोड, तरूण मोदी, संजु मालवीय, मुकेश पांचाल व बडी संख्या मे मातृ शक्ति उपस्थित रही।

## खबर संक्षेप

### बैंक खाते से अज्ञात ने निकाले 8100 रुपए

**ललितपुर**। शहर क्षेत्र के मोहल्ला घुसयाना में रहने वाले विकास पुत्र रमेश रैकवार ने साइबर क्राइम थाना पुलिस को शिकायती पत्र देकर बताया कि उसका बैंक ऑफ इण्डिया में खाता खुला हुआ है। आरोप है कि 15 जनवरी 2026 को किसी अज्ञात व्यक्ति द्वारा उसके खाते से 8100 रुपये चोरी से निकाल लिये गये हैं, जिससे वह मानसिक रूप से काफी परेशान है। पीड़ित ने साइबर क्राइम थाना पुलिस से मामले की जांच करायी जाकर रुपये वापस दिलाये जाने की गुहार लगायी है।

### ऑटो की टक्कर से बाइक सवार घायल

**ललितपुर**। कोतवाली तालबेहट क्षेत्रांतर्गत ग्राम उदगुवां में रहने वाली सविता पत्नी आनन्द ने पुलिस को शिकायती पत्र देकर बताया कि 12 जनवरी की शाम करीब 6 बजे उसका पति आनन्द अपनी मोटर साइकिल नं. यू.पी. 94 पी 6794 से मजदूरी का पैसा लेने तालबेहट आया था और तालबेहट से वापस अपने घर उदगुवां जा रहा था। बताया कि वह जैसे ही अदरक मण्डी के पास पहुंचा तो वहां ऑटो चालक द्वारा अपनी ऑटो संख्या यू.पी.93 टी 0250 को तेजी व लापरवाही से चलाते हुये उसके पति को जोरदार टक्कर मार दी, जिससे उसका पति गंभीर रूप से घायल हो गया, जिन्हें उपचार के लिए सीएचसी अस्पताल में दाखिल कराया गया, जहां हालत गंभीर होने पर उसे झांसी मेडीकल कॉलेज रेफर कर दिया गया। पुलिस ने विवेचना शुरू कर दी।

### देवर को उलाहना देने गई महिला पर हमला

**ललितपुर**। कोतवाली तालबेहट क्षेत्रांतर्गत ग्राम बिगारी में रहने वाली अवधरानी पत्नी चन्दन सिंह ने पुलिस को शिकायती पत्र दिया है। बताया कि उसका देवर करनसिंह से करीब चार वर्ष पहले बटवारा मौखिक रूप से हो चुका था। बताया कि उसके देवर करन सिंह पुत्र बागराज, सत्येन्द्र व अभय पुत्रगण करन सिंह, राजकुमारी पत्नी करन सिंह लोधी एकराय होकर आये और उसे व उसके परिजनों को आये दिन प्रताड़ित कर रहे हैं। उसकी नातिन कु.प्रिंसी की शादी आगरा तय हुयी थी, जिसे लेकर उक्त लोगों ने ईर्ष्या के कारण उसकी नातिन की शादी तुड़वाने के उद्देश्य से अभय व करन सिंह ने ससुरालियों को 10 जनवरी को फोन कर व संदेश भेजकर बदनाम करने करने का प्रयास किया, जिससे कि शादी टूट जाये। इस बात की जानकारी होने पर उसने देवर को उलाहना देने 14 जनवरी को अपराह्न 12.30 बजे खेत पर गयी, जहां करन सिंह, सतेन्द्र, अभय व राजकुमारी ने एकराय होकर उसे गालियां दीं और मारपीट कर दी। शोरगुल होने पर उसके पति चन्दन सिंह ने मौके पर आकर जब उक्त लोगों को ललकारा तो उक्त लोग जान से मारने की धमकी देते हुये भाग गये। पुलिस ने विवेचना शुरू कर दी।

### दुष्कर्म के आरोप में युवक पकड़ाया

**ललितपुर**। पुलिस अधीक्षक मो.मुश्ताक के निर्देशन में एएसपी कालू सिंह व क्षेत्राधिकारी सदर अजय कुमार के निकट पर्यवेक्षण में अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान में कोतवाली पुलिस ने वांछित थाना जखौरा क्षेत्र के ग्राम मुहारा निवासी विनय पुत्र मनीराम अहिरवार को हिरासत में लिया है। दुष्कर्म के आरोप में युवक को पकडऩे वाली पुलिस टीम में कोतवाली प्रभारी निरीक्षक अनुराग अवस्थी अपनी टीम के साथ शामिल रहे।

### युवक पर किया हमला मामला दर्ज

**ललितपुर**। थाना मदनपुर के ग्राम गोराखुर्द में रहने वाले संजय सिंह पुत्र अजब सिंह ठाकुर ने पुलिस को तहरीर दी है। बताया कि बीती 12 जनवरी को वह गांव से मड़ावरा आ रहा था। अपराह्न 12.30 बजे ग्राम पिपरट में बालाजी साइंटीफिक स्कूल के पास ग्राम हंसेरा निवासी अंकित पुत्र हल्ले अहिरवार, धर्मेंद्र पुत्र प्रताप अहिरवार व कुन्जन पुत्र विश्वनाथ अहिरवार उसे मिले और गालियां देने लगे। विरोध करने पर उक्त लोगों ने उसे लात-घूसों से मारपीट कर दी और जान से मारने की धमकी देते हुये भाग गये। पुलिस ने विवेचना शुरू कर दी।

---

अमृत योजना अंतर्गत जल रिसाव पर तीन दिन में कार्रवाई के निर्देश

# जिलाधिकारी ने जनसुनवाई में किया समस्याओं का त्वरित समाधान



हरिभूमि न्यूज ▶▶ललितपुर

जिलाधिकारी सत्य प्रकाश द्वारा कलेक्ट्रेट स्थित अपने कार्यालय कक्ष में नियमित रुप से प्रभावी जनसुनवाई आयोजित की जा रही है।

जनसुनवाई में डीएम ने शिकायतकर्ताओं की समस्याओं को गंभीरता से सुनते हुए सम्बंधित विभागीय अधिकारियों को मौके पर ही बुलाकर त्वरित निस्तारण सुनिश्चित कराया जा रहा है। इसी क्रम में शुक्रवार को आयोजित जनसुनवाई में शिकायतकर्ता सुनील जैन ने अवगत कराया कि शहर के तालाबपुरा स्थित बिदुआ कॉलोनी में अमृत योजनान्तर्गत जन जीवन मिशन की पाइप लाइन से पानी लगातार बह रहा है, जिससे पानी की बर्बादी के साथ-साथ आमजन को असुविधा हो रही है। शिकायत को गंभीरता से लेते हुए जिलाधिकारी ने मौके पर एडीएम नमामि गंगे को बुलाया तथा निर्देशित किया कि जल निगम एवं सम्बंधित कार्यदायी संस्था को आदेशित कर तीन दिवस के भीतर पाइप लाइन की मरम्मत एवं समस्या का पूर्ण समाधान कराते हुए लिखित रुप से अवगत करायें। जिलाधिकारी ने स्पष्ट निर्देश दिये कि जनहित से जुड़े कार्यों में किसी भी प्रकार की लापरवाही स्वीकार नहीं होगी तथा अमृत योजना एवं जल जीवन मिशन जैसी महत्वपूर्ण योजनाओं के क्रियान्वयन में गुणवत्ता एवं समयबद्धता सुनिश्चित की जाए। इसके अतिरिक्त जनसुनवाई के दौरान चकबंदी से सम्बंधित प्रकरणों पर भी जिलाधिकारी द्वारा विशेष ध्यान दिया गया।

### बंदोबस्त व संबंधित चकबंदी अधिकारियों से कई मामलों की समीक्षा की

उन्होंने जिला बन्दोबस्त अधिकारी एवं सम्बंधित चकबंदी अधिकारियों को मौके पर बुलाकर कई मामलों की गहन समीक्षा की तथा आपसी सहमति एवं नियमों के अनुरुप कई प्रकरणों का तत्काल निस्तारण कराया। जिलाधिकारी ने निर्देश दिये कि शेष लम्बित मामलों में भी शीघ्र एवं पारदर्शी कार्यवाही कर आमजन को राहत दी जाए। डीएम ने कहा है कि जनसुनवाई का उद्देश्य केवल शिकायत सुनना नहीं, बल्कि जनसमस्याओं का समयबद्ध और गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित कराना है। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि जनसामान्य की शिकायतों के प्रति संवेदनशील रहते हुए प्राथमिकता के आधार पर निस्तारण कराया जाए, ताकि शासन की योजनाओं का वास्तविक लाभ जनता तक पहुंच सके। डीएम की इसी कार्यशैली व जनता के प्रति संवेदनशीलता को देखते हुए प्रदेश की रैंकिंग में जनपद को 6वां स्थान प्राप्त हुआ है। इस रैंकिंग में जिले को 96.43 प्रतिशत अंकों के साथ संतुष्टि का फीडबैग 80 प्रतिशत से अधिक रहा, जो यह दर्शाता है कि शिकायतों का निस्तारण केवल औपचारिता नहीं बल्कि जनअपेक्षाओं के अनुरुप किया गया है, जो प्रशासनिक दक्षता और जबावदेही का स्पष्ट प्रमाण है। डीएम सत्य प्रकाश के कुशल नेतृत्व में जिले की यह उपलब्धी सुशासन, पारदर्शिता और जनहित के प्रति प्रशासन की प्रतिबद्धता का सशक्त उदाहरण है।

---

स्वास्थ्य सेवाओं की हकीकत जानी

# एमओआईसी की बैठक में अनुपस्थिति व कार्यों में लापरवाही पर जिलाधिकारी भड़के



**ललितपुर**। जिलाधिकारी सत्य प्रकाश ने जिला स्वास्थ्य समिति की शासी निकाय की बैठक कर जिले की स्वास्थ्य सेवाओं की एक-एक कर गहन समीक्षा की और लापरवाह अधिकारियों व चिकित्सकों को फटकार लगाते हुए कार्य में सुधार के निर्देश भी दिये।

बैठक के दौरान जिलाधिकारी ने संस्थागत प्रसव पर जोर देते हुए मुख्य चिकित्सा अधिकारी को निर्देश दिये कि विकासखण्ड बिरधा, बार एवं जखौरा में संस्थागत प्रसव कराने हेतु पॉच-पॉच एएनएम को प्रशिक्षित कराया जाए और वहां पर उपकेन्द्रों को प्रसव हेतु क्रियाशील किया जाए। बैठक के दौरान ही ग्राम धारीकलां और बमरौलीकलां सब सेन्टरों पर मरीजों को आवागमन में परेशानी होने की जानकारी होने पर जिलाधिकारी ने प्रकरण को गंभीरता से लेते हुए बैठक से ही सम्बंधित खण्ड विकास अधिकारी को फोन कर निर्देश दिये कि वे वहां के एमओआईसी से वार्ता कर मौके पर पहुंचकर सेन्टर तक आने के रास्त को 10 दिनों के भीतर ठीक कराकर अवगत करायें।

विकासखण्ड जखौरा के एमओआईसी द्वारा बैठक में अनुपस्थि रहने, कार्य में शिथिलता और लापरवाही बरतने पर जिलाधिकारी ने नाराजगी जाहिर की और मुख्य चिकित्सा अधिकारी को इनके विरुद्ध आरोप पत्र जारी करने एवं शासन से पत्राचार करने के निर्देश दिये। वहीं सभी पैरामीटर्स पर अच्छी प्रगति पाये जाने पर एमओआईसी तालबेहट डॉ विशाल पाठक के कार्यों की सराहना भी की। इसके साथ ही ब्लॉक प्रोग्राम मैनेजर व ब्लॉक कम्युनिटि प्रोसेस मैनेजर को को कड़ी फटकार लगाते हुए स्वास्थ्य कार्यक्रमों में अपेक्षित सुधार लाते हुए प्रगति बढ़ाने के निर्देश दिये। नियमित टीकाकरण के सम्बंध में निर्देश दिये गए कि सभी केन्द्रों पर शत-प्रतिशत टीकाकरण किया जाए। सभी प्रभारी चिकित्साधिकारी अपने -अपने क्षेत्र की आंगनबाड़ी केन्द्रों पर वजन मशीनें उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी शेषनाथ चौहान, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ इम्तियाज अहमद, सीएमएस डॉ गजेन्द्र सिंह, डीपीआरओ कुँवर सिंह यादव, जिला सूचना अधिकारी डीएस दयाल, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी रणवीर सिंह, नगर स्वास्थ्य अधिकारी डॉ राजेश भारती, डीपीएम रजिया फिरोज, पब्लिक हेल्थ स्पेशलिस्ट डॉ सौरभ सक्सेना, डब्ल्यूएचओ के प्रतिनिधि सहित अन्य चिकित्सा अधिकारी उपस्थित रहे।

---

# कृषि विज्ञान केंद्र ने छात्र-छात्राओं को मुरब्बा जेम जेली का प्रशिक्षण दिया




**ललितपुर**। केपीएस पीजी कॉलेज ककरूआ ललितपुर में छात्राओं द्वारा कृषि विज्ञान केन्द्र में अचार, मुरब्बा, जैम एवं जैली बनाने का 21 दिवसीय प्रशिक्षण प्राप्त करके एक दिवसीय प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें कॉलेज की अन्य छात्राओं को भी अचार, मुरब्बा, जैम एवं जैली बनाने के विधियाँ एवं भोजन में उनकी उपयोगिता के बारे में बताया गया।

कार्यक्रम का शुभारम्भ कॉलेज की डॉयरेक्टर डॉ लतिका सुडेले, प्राचार्य डॉ राजेन्द्र प्रकाश, आईक्यूएसी प्रभारी प्रभांशु नगाइच ने माँ सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्ज्वलन करके किया। डॉ लतिका सुडेले ने अपने सम्बोधन में कहा कि खाने के साथ अचार का बहुत महत्व है। मुरब्बा, अचार, जैम एवं जैली का स्वाद और सेहत दोनों की दृष्टि से लाभदायक है। अचार के बिना थाली अधूरी मानी जाती है। प्राचार्य डॉ राजेन्द्र प्रकाश ने कहा कि अचार, मुरब्बा, जैम एवं जैली बनाना सीखकर इससे स्वयं के रोजगार के रूप में अपना सकते है जिससे वे आत्मनिर्भर एवं स्वावलंबी बन सकते हैं। इस कार्यक्रम की समन्वयक हिन्दी प्रवक्ता रानी पुरोहित ने कहा कि मुरब्बा स्वास्थ्य के लिये लाभदायक है, अचार, मुरब्बा जैम एवं जैली का व्यापार व्यक्ति को वर्ष भर रोजगार प्रदान कर सकता है। कार्यक्रम का संचालन प्रवक्ता दीपक जैन ने किया और आईक्यूएसी प्रभांशु नगाइच ने सभी का आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम को सफल बनाने में असि प्रो दिनेश श्रीवास्तव, डॉ० साकेत कुमार, दीपक जैन, भानूप्रताप सिंह, रानी देवी, छाया तिवारी, अनीता साहू, नेहा श्रीवास्तव, ज्योति रानी, पुष्पेन्द्र पुरोहित, केहर राही, निधि जैन, जगतराज, राजकुमार पटेल, पंकज पटैरिया, रवीन्द्र कुमार अभिषेक शुक्ला, अमित कुमार, नीलू, मुबीन मंसूरी, अंकेश यादव, राजेन्द्र रजक, सक्षम त्रिपाठी, राहुल जैन, शशि श्रीवास्तव मनोज रजक, पुष्पेन्द्र, अमित, गोलू, माता प्रसाद तिवारी ने प्रतिभाग किया।

---

कंपनी बाग व कर्मा बाई पार्क के सौंदर्य में चार चांद लगाने की तैयारी

# नपा अध्यक्ष व ईओ ने पार्कों का निरीक्षण किया

**ललितपुर**। शहर में स्थित मां कार्मा बाई पार्क व आजाद बाल क्रीड़ा स्थल (कम्पनी बाग) एवं कर्मा बाई पार्क के अंदर दिव्यांगों के लिए बनाये जा रहे पार्क का नपाध्यक्ष सोनाली जैन व ईओ दिनेश कुमार विश्वकर्मा ने औचक निरीक्षण किया। नपाध्यक्ष ने पार्कों के सान्दर्यीकरण एवं साफ सफाई व्यवस्था सुनिश्चित किये जाने के निर्देश दिये। इसके उपरांत उद्यान विभाग में स्थित सभाकक्ष में उद्यान विभाग विकास समिति की बैठक नपाध्यक्ष की अध्यक्षता में उद्यान विभाग में आयोजित की गई।




मां कर्मा बाई पार्क में नपाध्यक्ष ने संबंधित ठेकेदार को निर्देशित करते हुए कहा कि पार्क में जो भी कार्य अधूरे पड़े हुए है उन्हें तत्काल प्रभाव से पूर्ण कराया जाये, इसके अलावा उन्होंने मुख्य स्टोर लिपिक से पार्क में उचित प्रकाश व्यवस्था एवं जो स्ट्रीट लाईटे खराब पड़ी हुई है। उनकी मरम्मत कराये जाने के निर्देश दिये गये। नपाध्यक्ष ने निर्देशित किया गया कि पार्क की साफ सफाई व्यवस्था नियमित रूप से कराई जाए, इसके अलावा पार्क में लगे झूले व अन्य व्यवस्थाओं को दुरूस्त कराया जाये। इसके अलावा मां कर्मा बाई पार्क में विकलांगों के लिए बनाये जा रहे पार्क का निरीक्षण किया। नपाध्यक्ष ने संबंधित ठेकेदार को गुणवत्ता को ध्यान में रखते हुए समय से कार्य पूर्ण कराये जाने के निर्देश दिये गये। इसके उपरांत नपाध्यक्ष ने आजाद बाल क्रीड़ा (कम्पनी बाग) का निरीक्षण किया। पार्क में आने जाने वाले व्यक्तियों से वार्ता की गई, उन्होंने उद्यान विभाग के अधिकारियों को निर्देशित किया कि पार्क देखरेख नियमित रूप से की जाये।

उन्होंने कहा कि पार्क में सुबह टहलने आने वाले व्यक्तियों व अन्य व्यक्तियों को किसी भी प्रकार की कोई परेशानी न हो। उन्होंने कहा कि पार्क की साफ सफाई व्यवस्था नियमित की जाये, इसके अलावा पालिका द्वारा पार्क में योग के लिए लगाये गये स्टैच्यू का निरीक्षण किया गया। इस दौरान उद्यान विभाग के सभाकक्ष में विभाग के अधिकारियों के साथ जिला उद्यान विभाग विकास समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में नपाध्यक्ष ने अधिकारियों से वार्ता करते हुए पार्कों के सान्दर्यीकरण एवं अन्य बिन्दुओं पर चर्चा की गई। इस दौरान डीडी उद्यान झांसी विनय यादव, नपाध्यक्ष सोनाली जैन, ब्लाक बिरधा से मोहित, निरीक्षक नरेन्द्र सिंह, ईओ दिनेश कुमार, उद्यान अधिकारी राजेन्द्र कुमार, जेई प्रा.ख. लो.नि.वि. अमरकान्त गौर, प्रभारी सफाई निरीक्षक महेन्द्र सिंह यादव, नजूल लिपिक सुधीर रावत, गैरिज प्रभारी अमित कुमार समेत अनेकों लोग मौजूद रहे।

---

निरीक्षण कर साप्ताहिक परेड की सलामी ली

# एसपी ने पुलिस कर्मियों को दिए दिशा निर्देश



**ललितपुर**। पुलिस अधीक्षक मो.मुश्ताक ने शुक्रवार को साप्ताहिक परेड की सलामी लेकर निरीक्षण किया। एसपी ने परेड में टर्न-आउट, शारीरिक मुद्रा एवं अनुशासन, ड्रिल एवं परेड मूवमेंट तथा शारीरिक फिटनेस आदि का सूक्ष्मता से अवलोकन किया। प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे रिक्रूट आरक्षियों की परेड का महोदय द्वारा उच्च मानकों के अनुसार बारीकी से निरीक्षण कर किसी भी प्रकार की लापरवाही, अनुशासनहीनता अथवा प्रशिक्षण संबंधी कमी को गंभीरता से लेते हुए आवश्यक सुधारात्मक निर्देश दिए।

तत्पश्चात रिजर्व पुलिस लाइन्स में स्थित विभिन्न शाखाओं में क्वार्टर गार्ड, शस्त्रागार, परिवहन शाखा, भोजनालय, कैन्टीन, कन्ट्रोल रुम, वर्दी स्टोर आदि का स्थलीय निरीक्षण कर साफ-सफाई, अभिलेखों के रख-रखाव एवं संसाधनों की स्थिति की समीक्षा कर आवश्यक निर्देश दिए। डायल-112 के पीआरवी वाहनों का निरीक्षण कर वाहनों की साफ-सफाई, संचार उपकरणों (वायरलेस सेट, जीपीएस ट्रैकर, टैब/मोबाइल) की कार्यशीलता एवं अन्य आपातकालीन उपकरणों की स्थिति की समीक्षा की गई। पीआरवी स्टॉफ को आमजन के प्रति संवेदनशील, संयमित एवं सेवा भाव से कार्य करने हेतु प्रेरित किया। त्वरित रिस्पॉन्स टाइम को और बेहतर बनाने के लिए आवश्यक सुझाव दिए गए। डायल-112 की पीआरवी 2607 के कर्मचारियों द्वारा तत्परतापूर्वक त्वरित सहायता प्रदान कर जीवन बचाने एवं अन्य उत्कृष्ट एवं सराहनीय कार्य किए जाने पर एसपी ने उन्हें 25 हजार रुपये का नकद पुरस्कार व प्रशस्ति पत्र प्रदान किया। तदोपरान्त एसपी ने अर्दली रूम का आयोजन किया, रिजर्व पुलिस लाइन्स की विभिन्न मदों के रजिस्टरों का अवलोकन कर विभागीय अनुशासनात्मक कार्यवाहियों, शिकायतों तथा लम्बित पत्रावलियों की प्रगति की समीक्षा करते हुए त्वरित निस्तारण के निर्देश दिए।

---

# मुख्यालय पर गाडिय़ों के फिटनेस प्रमाण पत्र बनें

## आदेश के खिलाफ लामबंद हुये टैक्सी व ई-रिक्शा चालक

**ललितपुर**। जनपद से दूर झांसी जाकर टैक्सी ई रिक्शा और स्कूल बच्चों को जाकर करना पड़ेगा अपना फिटनेस जबकि इन सभी के इन सभी वाहनों के परिवहन सीमाएं निश्चित है उसके अतिरिक्त या अपने बहनों का इस्तेमाल करते हैं तो बिना परमिट उनके चालान के साथ गाड़ियां सेल हो सकती है मगर इस तुकलकी फरमान ने सभी वाहन स्वामियों को हैरत में डाल दिया है जिन सवारी टैक्सियों को परिवहन विभाग द्वारा महज 16 किमी दूरी तय करने का परमिट जारी किया जाता है।

बावजूद इसके अब सवारी टैक्सी संचालकों को गाड़ी की फिटनेस प्रमाण पत्र को जारी कराने के लिए मुख्यालय से करीब एक सैकड़ा किमी दूर महानगर झांसी के संभागीय परिवहन कार्यालय जाना होगा। यही स्थिति स्कूल के संचालकों की है स्कूल बस परमिट स्कूल सीमा के अंतर्गत ही है ऐसा आदेश आने के बाद से टैक्सी व ई-रिक्सा चालकों के अलावा स्कूल बस के संचालकों में भी भारी आक्रोश व्याप्त है। टैक्सी व ई-रिक्सा चालकों ने शुक्रवार को लामबंद होकर जिलाधिकारी को एक ज्ञापन भेजकर ऐसे आदेश को निरस्त कर टैक्सी व ई-रिक्सा के फिटनेस प्रमाण पत्र मुख्यालय पर ही बनाये जाने की मांग उठायी है। ज्ञापन में टैक्सी व ई-रिक्सा चालकों ने बताया कि परिवहन विभाग द्वारा एक आदेश 5 जनवरी को जारी किया है। इस आदेश के अनुसार ललितपुर जिले में जितने भी तीन पहिया वाहन हैं, उनका फिटनेस प्रमाण पत्र आरटीओ विभाग झांसी में बनाया जाना है। टैक्सी व ई-रिक्सा चालकों का कहना है कि विभाग द्वारा तीन पहिया सवारी गाडिय़ों को महज 16 किमी दूरी तक की यात्रा के लिए ही परमिट जारी हैं, ऐसी स्थिति में मुख्यालय से करीब 100 किमी से अधिक की दूरी पर स्थित झांसी आरटीओ विभाग पहुंच पाना असंभव है। इसके अलावा देश का सबसे बड़ा नेशनल हाई-वे संख्या 44 होने के कारण यहां भारी वाहनों का आवागमन भी अधिक होता है, जिस कारण यहां दुर्घटनाएं होने की संभावनाएं अधिक हैं। इसमें भी यह परेशानी है कि सवारी टैक्सी गाड़ी की दुर्घटना हाई-वे पर परमिट से निर्धारित दूरी से अधिक पर होने के कारण विभाग या बीमा कम्पनी से वह बीमा की राशि पाने से भी वंचित हो जायेंगे। फिटनेस प्रमाण पत्र जिला मुख्यालय स्थित एआरटीओ विभाग में बनाये जाने की मांग उठायी है। ज्ञापन देते समय टैक्सी व ई-रिक्सा वाहन चालक संघ के अध्यक्ष छोटे साहू के अलावा अन्य गाड़ी चालक मौजूद रहे।

---

आलापुर गांव के पास की घटना

# ट्रैक्टर की टक्कर से ऑटो पेड़ से टकराया, छात्र-छात्राएं घायल

**ललितपुर**। पास के गांव आलापुर के पास सुबह ट्रैक्टर की टक्कर से एक ऑटो पेड़ से टकरा गई। इस हादसे में ऑटो में सवार पांच छात्र-छात्राएं घायल हो गए, जिनमें से तीन की हालत गंभीर बताई जा रही है। उन्हें उपचार के लिए मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया गया है। यह घटना सुबह करीब 9.30 बजे जाखलौन से ललितपुर आ रही ऑटो के आलापुर तिराहे के पास पहुंचने पर हुई। पीछे से आ रहे गेहूं से भरे एक ट्रैक्टर-ट्रॉली ने ऑटो को टक्कर मार दी, जिससे ऑटो अनियंत्रित होकर सड़क किनारे लगे पेड़ से जा टकराई। घायलों में जाखलौन निवासी बीए की छात्रा काजल कुशवाहा (20), छात्रा रक्षा (17) और आलापुर निवासी छात्र अमित (20) शामिल हैं। घायल अमित ने बताया कि ऑटो में जाखलौन से ललितपुर कॉलेज आने के लिए करीब आठ से अधिक छात्र-छात्राएं सवार थे। टक्कर के बाद ऑटो में सवार यात्रियों में चीख-पुकार मच गई। ग्रामीणों ने मौके पर पहुंचकर घायलों की मदद की और पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर ट्रैक्टर को कब्जे में लेकर थाने भेज दिया। मेडिकल कॉलेज में इमरजेंसी ड्यूटी पर तैनात चिकित्सकों ने बताया कि सभी घायलों की हालत स्थिर है और उनका इलाज जारी है।

---


24 से 26 जनवरी तक मनाया जाएगा भव्य समारोह

# विभागीय स्टालों से योजनाओं की जानकारी देंगे

हरिभूमि न्यूज ▶▶ललितपुर

जिले में 24 से 26 जनवरी तक उत्तर प्रदेश दिवस को समारोह पूर्वक मनाये जाने हेतु आयोजन की तैयारियों हेतु डीएम सत्य प्रकाश के निर्देशन में सीडीओ शेषनाथ चौहान की अध्यक्षता में विकास भवन सभागार में समीक्षा बैठक आयोजित की गई।

सीडीओ ने समस्त अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी 24 से 26 जनवरी तक उत्तर प्रदेश दिवस का आयोजन कल्याण सिंह सभागार (ऑडीटोरियम) में किया जा रहा है, जिसके अंतर्गत 24 जनवरी को उत्तर प्रदेश दिवस की शुरुआत के साथ बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ कार्यक्रम का भव्य आयोजन होगा। 25 जनवरी को पर्यटन दिवस और मतदाता दिवस




एवं 26 जनवरी को गणतंत्र दिवस का आयोजन किया जाएगा। इस कार्यक्रम को पूरी भव्यता के साथ सम्पन्न कराये जाने हेतु नोडल अधिकारियों को जो दायित्व सौंपे गए हैं, उन्हें पूरी गंभीरता से निभाएं। सम्बंधित अधिकारी विभागीय योजनाओं, जनपद के विकास कार्यों, उपलब्धियों एवं पर्यटन से सम्बंधित स्टॉल लगाकर वृहद प्रचार-प्रसार करायें। साथ ही विभागीय गतिविधियों का डिस्प्ले करायें। इसके साथ ही विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं के लाभार्थियों को स्वीकृति पत्र वितरण, कृषि यंत्रों का वितरण, सहायक उपकरण वितरण, विभिन्न प्रतियोगिताएं आदि आयोजित करायी जायें।

बताया गया विगत वर्षों की भांति इस वर्ष भी 24 से 26 जनवरी तक उत्तर प्रदेश दिवस का आयोजन भव्यता पूर्वक किया जाना है, जिसके आयोजन के लिए आज विभिन्न विभागों के कार्य निर्धारित किये जाने हेतु यह बैठक आयोजित की गई है। कार्यक्रम में होने वाली प्रत्येक गतिविधि के लिए नोडल अधिकारी नामित किये गए हैं। प्रतिदिन होने वाले कार्यक्रम भी निर्धारित किये गए हैं। 24 जनवरी 2024 को सरस्वती वंदना, स्वागत गीत, अतिथियों का उद्बोधन, बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ की शपथ, छात्राओं को प्रोत्साहन राशि का वितरण, स्वयं सहायता समूह की महिलाओं द्वारा बुन्देली गीत, सांस्कृतिक कार्यक्रम-वाद विवाद प्रतियोगिता, नाटक, नृत्य, लोक कलाकारों द्वारा मंच प्रस्तुति आदि कार्यक्रम आयोजित किये जायेंगे। बैठक में सीएमओ डा.इम्तियाज अहमद, पीडी डीआरडीए दीपक यादव, डीडीओ अतिरंजन सिंह, डीसी मनरेगा रमेश कुमार यादव, डीपीआरओ कुंवरसिंह यादव, जिला प्रोबेशन अधिकारी नन्दलाल सिंह, जिला सूचना अधिकारी सहित अन्य समस्त सम्बंधित अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

अनापत्ति प्रमाण पत्र के संबंध में कलेक्टर ने विभिन्न विभागों को जारी किया पत्र

# जिन किसानों पर जलकर बकाया उन्हें नहीं मिलेगा केसीसी लोन

## नए बिजली कनेक्शन, रजिस्ट्री आदि के लिए जरूरी होगी बांध प्रबंधन की एनओसी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजगढ़


जिले की वृहद सिंचाई परियोजनाओं में शुमार मोहनपुरा, कुंडालिया सिंचाई परियोजनाओं से जिले के लगभग सवा 2 लाख हेक्टेयर क्षेत्र में सिंचाई शुरू हो चुकी है। किसानों के जीवन में आमूलचूल बदलाव लाने वाली इन सिंचाई परियोजनाओं से हजारों किसान लाभान्वित हो रहे हैं।

उक्त दोनों सिंचाई परियोजना से खेती के लिए पानी लेने वाले किसानों को विभाग द्वारा निर्धारित जलकर (टैक्स) भरना भी अनिवार्य होगा। अगर सिंचाई परियोजना का लाभ ले रहे किसानों ने जलकर की राशि जमा नहीं की तो संबंधित किसान को केसीसी लोन, नया बिजली कनेक्शन, चल-अचल संपत्ति की रजिस्ट्री, शस्त्र लायसेंस जारी नहीं होगा। कलेक्टर डॉ. गिरीश मिश्रा ने इस बारे में सभी जिले के सभी अनुभागों के एसडीएम, उप-पंजीयक कार्यालयों, सभी बैंकों सहित विद्युत वितरण कंपनी के अधिकारियों को पत्र भी जारी किया है।

### बांध प्रबंधन ईकाई से लेनी होगी एनओसी

जारी पत्र के अनुसार विभिन्न बैंकों से क्रेडिट कार्ड (केसीसी) के माध्यम से लोन लेने, संपत्ति की रजिस्ट्री करवाने, शस्त्रों को खरीदने हेतु लायसेंस जारी करने, बिजली विभाग से विद्युत कनेक्शन लेने के लिए संबंधित किसान को पहले मोहनपुरा-कुंडालिया परियोजना प्रबंधन ईकाई राजगढ़ से एनओसी(अनापत्ति प्रमाण-पत्र) लेना आवश्यक होगा।

उक्त अनापत्ति प्रमाण-पत्र मिलने के उपरान्त ही संबंधित बैंक, विद्युत विभाग, रजिस्टार दफ्तर से संबंधित सुविधा का लाभ किसानों को मिल पाएगा। हालांकि, यह एनओसी जिले के केवल उन किसानों के लिए आवश्यक होगी जो मोहनपुरा, कुंडालिया सिंचाई परियोजनाओं के पानी से अपने खेतों में सिंचाई कर रहे हैं।


कार्यालय कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी, जिला राजगढ़ (ब्यावरा) म0प्र0
E-Mail ID :- dmrajgarh@nic.in

पत्र क्रमांक 62 /2026 राजगढ़, दिनांक 13/01/2026
प्रति,
01. पुलिस अधीक्षक, जिला राजगढ़
02. अधीक्षण यंत्री, म.प्र.पूर्व क्षेत्र विद्युत वितरण कं. लि., राजगढ़
03. अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) राजगढ़/खिलचीपुर/ब्यावरा/नरसिंहगढ़
04. उप पंजीयक, पंजीयन कार्यालय, राजगढ़
05. प्रबंधक लीड बैंक/एस.बी.आई./पी.एन.बी./समस्त शाखा जिला-राजगढ़
06. कार्यपालन यंत्री, म.प्र. मध्य क्षेत्र वि.वि.कंपनी लिमिटेड, राजगढ़

विषय :- मोहनपुरा एवं कुण्डालिया परियोजना प्रबंधन इकाई, राजगढ़ के कमाण्ड क्षेत्र में आने वाले ग्रामों के कृषकों से जल संसाधन विभाग (मोहनपुरा एवं कुण्डालिया परियोजना प्रबंधन इकाई, राजगढ़) द्वारा जारी किया गया अनापत्ति प्रमाण-पत्र प्रस्तुत करवाने बाबत्।

—000—

उपरोक्त विषयांतर्गत लेख है कि मोहनपुरा एवं कुण्डालिया परियोजनाओं से राजगढ़ जिले की 224247 हेक्टेयर भूमि में सिंचाई हेतु जल प्रदाय किया जा रहा है परंतु परियोजनाओं के कमाण्ड क्षेत्र में आने वाले ग्रामों के कृषकगणों द्वारा जलकर की राशि का भुगतान नहीं किया जा रहा है, जिससे राजस्व वसूली अत्यंत कम हो पाती है एवं शासन को वित्तीय हानि हो रही है। अतः यह आवश्यक प्रतीत होता है कि विद्युत वितरण कंपनी लिमिटेड से विद्युत कनेक्शन लेने, विभिन्न बैंकों से क्रेडिट कार्ड (के.सी.सी.) के माध्यम से लोन लेने, चल-अचल संपत्ति की रजिस्ट्री करवाने या शस्त्रों को खरीदने के लिए लायसेंस जारी करने हेतु जल संसाधन विभाग से कृषकों को अनापत्ति प्रमाण-पत्र प्रस्तुत करने हेतु निर्देशित किया जाए। विभाग द्वारा ग्रामों की सूची पृथक से प्रदान की जावेगी।

अतः कृपया कृषकों को विद्युत वितरण कंपनी लिमिटेड से विद्युत कनेक्शन देने, विभिन्न बैंकों से क्रेडिट कार्ड के माध्यम से लोन स्वीकृत करने, चल-अचल संपत्ति की रजिस्ट्री करने या शस्त्रों को खरिदने के लिए लायसेंस जारी करने से पूर्व कृषकों से जल संसाधन विभाग (परियोजना प्रबंधक (कार्यपालन यंत्री) मोहनपुरा-कुण्डालिया परियोजना प्रबंधक इकाई, राजगढ़) द्वारा जारी किया गया अनापत्ति प्रमाण-पत्र लेना सुनिश्चित किया जावे।
संलग्न :- उपरोक्तानुसार

कलेक्टर
जिला, राजगढ़

पृ. क्रमांक 63 /2026 राजगढ़, दिनांक 13/01/2026
प्रतिलिपि-
परियोजना प्रबंधक (कार्यपालन यंत्री), एम.के.पी.एम.यू. राजगढ़ की ओर सूचनार्थ प्रेषित।

कलेक्टर
जिला, राजगढ़

### 316 रुपए प्रति बीघा के मान से जमा होती है राशि

उल्लेखनीय है कि मोहनपुरा, कुंडालिया परियोजनाओं से सिंचाई हेतु पानी लेने वाले किसानों को 316 रुपए प्रति बीघा या 1250 रुपए हेक्टेयर के मान से जलकर की राशि जमा करवानी होती है। यह राशि रबी सीजन में दिए जा रहे पानी के मान से है। फिलहाल मोहनपुरा परियोजना से खरीफ सीजन के लिए सिंचाई के लिए जल प्रदाय नहीं किया जाता है। दूसरे शब्दों में कहें तो एक साल के लिए 316 रुपए प्रति बीघा या 1250 रुपए हेक्टेयर के हिसाब से जलकर निर्धारित है।

### कहां जमा करवानी है यह राशि


संबंधित किसान को जलकर की राशि मोहनपुरा, कुंडालिया राजगढ़ के दफ्तर आकर जमा करवानी है। आपको यह भी बताते चलें उक्त जलकर सिर्फ खेतों की सिंचाई के लिए पानी लेने वाले किसानों के लिए है। इसके साथ ही जल जीवन मिशन के माध्यम से 'हर घर नल से जल' योजना के तहत पेयजल के बिल की राशि अलग है जो संबंधित उपभोक्ता को पंचायत कार्यालय में जमा करवानी होती है।

पटवारी पर रिश्वत मांगने का लगाया आरोप

# किसान ने क्षेत्रीय विधायक और एसडीएम से लगाई गुहार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ खिलचीपुर

जनपद खिलचीपुर के ग्राम तलावड़ा निवासी किसान मोहनलाल तंवर उम्र 60 वर्ष ने हल्का नंबर 33 के पटवारी देवेंद्र मीणा पर रिश्वत मांगने का आरोप लगाया है।



किसान का कहना है कि पुश्तैनी जमीन के बंटवारे के लिए आवेदन देने के बाद पटवारी ने करीब एक महीने तक उन्हें चक्कर लगवाए। किसान के अनुसार, तलावड़ा गांव में उनकी 35 बीघा जमीन है, जो पांच भाइयों की पुश्तैनी संपत्ति है। जमीन के आपसी सहमति से बंटवारे के लिए उन्होंने लोक सेवा केंद्र के माध्यम से 16 दिसंबर 2025 को आवेदन किया था। आरोप है कि पटवारी ने बंटवारे के बदले 70 हजार रुपए की मांग की और कहा कि पैसे नहीं दिए तो काम नहीं होगा, जहां शिकायत करनी हो कर सकते हो। किसान मोहनलाल तंवर ने एसडीएम अंकिता जैन, तहसीलदार विनीत गोयल और क्षेत्र के भाजपा विधायक अमर सिंह यादव को लिखित शिकायत कर कार्यवाही की मांग की है।

**इनका कहना है...**

पटवारी देवेंद्र मीणा ने सभी आरोपों को गलत बताया है। उन्होंने कहा कि उन्हें यह भी जानकारी नहीं है कि बंटवारे के लिए कौन व्यक्ति आया था। तहसीलदार कार्यालय में एक मामला जरूर लंबित है, जिसमें रिपोर्ट मांगे जाने पर वे नियमानुसार जवाब देंगे। रिश्वत मांगने का आरोप झूठा है।

**जांच कराएंगे...**

जांच करवाती हूं। आवेदन अगर मेरे कार्यालय में आया होगा तो मैंने तहसीलदार को भेज दिया होगा।

**अंकिता जैन**
एसडीएम खिलचीपुर

## सेवा बस्ती में संघ ने मनाया मकर संक्रांति का पर्व

**सारंगपुर।** मकर संक्रांति पर्व पर राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ द्वारा नगर की सेवा बस्ती वार्ड क्रमांक 5 भारगुंडावाडी में सामाजिक समरसता एवं सेवा भाव के साथ उत्सव मनाया गया। इस अवसर पर संघ के स्वयंसेवकों ने क्षेत्र के जरूरतमंद परिवारों, बुजुर्गों एवं बच्चों को गुड़-तिल्ली का वितरण कर पर्व की शुभकामनाएं दीं। कार्यक्रम का उद्देश्य समाज के अंतिम पंक्ति में खड़े व्यक्ति तक पर्व की खुशियां पहुंचाना रहा। स्वयंसेवकों ने घर-घर जाकर लोगों से आत्मीय संवाद किया तथा मकर संक्रांति के महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि तिल-गुड़ आपसी मधुरता, प्रेम और सामाजिक एकता का प्रतीक है तथा यह पर्व आपसी भाईचारे को मजबूत करने का संदेश देता है।

# किसी अधिकारी की सेवा समाप्त तो किसी को किया सस्पेंड, वेतन भी काटा

## समीक्षा बैठक में लापरवाहों पर जिपं सीईओ की कार्रवाई



**राजगढ़।** ग्रामीण विकास विभाग की विभिन्न योजनाओं में लापरवाही बरतने वाले अधिकारियों, कर्मचारियों पर अब सख्ती की जाने लगी है। जिला पंचायत सीईओ इच्छित गढ़पाले ने गत दिवस शासकीय योजनाओं एवं विभिन्न विकास कार्यों की जनपदवार प्रगति की विस्तृत समीक्षा की।

इस दौरान एक बगिया मां के नाम योजना के तहत ब्यावरा जनपद के सहायक लेखाधिकारी भानू प्रताप खिंची के विरुद्ध पूर्व में जारी नोटिस के आधार पर सेवा समाप्ति के तल्ख निर्देश प्रदान किए गए। इसके साथ ही उपयंत्री राहुल मेश्राम, अरुण गाठे एवं अजय परमार का 3-3 दिवस का वेतन काटने के निर्देश जिपं सीईओ ने प्रदान किए। खिलचीपुर जपं की समीक्षा में उपयंत्री संदीप पाटिल एवं जीतेंद्र उमठ द्वारा बिल प्रस्तुत न किए जाने पर उनका 7 दिवस का वेतन काटते हुए संविदा सेवा समाप्ति का प्रस्ताव भेजने के निर्देश दिए गए। उपयंत्री पंकज सिंह पर भी वेतन काटने के कार्यवाही की गई। इसी तरह नरसिंहगढ़ जपं की उपयंत्री बबीता राज का कार्य असंतोषजनक पाए जाने पर सेवा समाप्ति एवं भुगतान अंतर्गत कम प्रगति पाए जाने पर सहा. लेखाधिकारी अरुण शर्मा का 3 दिवस का वेतन काटने एवं सेवा समाप्ति का प्रस्ताव भेजने के निर्देश प्रदान किए गए। बैठक में अनुपस्थित सब-इंजीनियर अनिल नामदेव को शोकाज नोटिस जारी किया गया।

### पंचायत समन्वयक अधिकारी राजगढ़ सस्पेंड

प्रधानमंत्री आवास योजना की समीक्षा के दौरान जपं राजगढ़ के पंचायत समन्वयक अधिकारी जगदीश सक्सेना के बैठक में अनुपस्थित पाए जाने एवं उनके सेक्टर में अपूर्ण आवासों की अधिकता पर सक्सेना को सस्पेंड करने के निर्देश जिला पंचायत सीईओ ने प्रदान किए।

## शर्मा को फिर मिली जिलाध्यक्ष की जिम्मेदारी



### जिला इकाई का विस्तार करते हुए कीं नई नियुक्तियां

**ब्यावरा।** मध्यप्रदेश श्रमजीवी पत्रकार संघ की राजगढ़ जिला इकाई का विस्तार करते हुए संगठन द्वारा नई नियुक्तियों की घोषणा की। संगठन के प्रान्त अध्यक्ष शलभ भदौरिया सहित प्रदेश नेतृत्व के निदेर्शानुसार सुरेश शर्मा ब्यावरा को पुनः राजगढ़ जिला अध्यक्ष नियुक्त किया। यह नियुक्ति श्रमजीवी पत्रकार संघ के प्रदेश महासचिव सत्यनारायण वैष्णव द्वारा जारी पत्र के माध्यम से की गईं। जिसके माध्यम से संगठन को सशक्त बनाने, पत्रकारों के हितों की रक्षा करने तथा संगठनात्मक गतिविधियों को और अधिक सक्रिय व प्रभावी बनाने की अपेक्षा करते हुए पुनः सुरेश शर्मा को जिलाध्यक्ष नियुक्त किया। जिला महासचिव विजयपाल परमार नर्सिंहगढ़ को नियुक्त किया है। संगठन ने शर्मा, परमार से आशा जताई है कि वे जिले के पत्रकारों की समस्याओं को मजबूती से उठाते हुए निष्पक्ष, निर्भीक एवं जिम्मेदार पत्रकारिता को बढ़ावा देंगे। शर्मा के पुनः जिलाध्यक्ष व विजय पाल को जिला महासचिव बनने की जानकारी मिलते ही जिले के पत्रकारों एवं संगठन के पदाधिकारियों में हर्ष की लहर दौड़ गई और सभी ने सुरेश शर्मा, और विजय पाल परमार को बधाई एवं शुभकामनाएं प्रेषित कीं।

# नगर पालिका की त्वरित कार्रवाई

## गंदे पानी की शिकायत पर सप्लाई, लीकेज की मरम्मत कराई

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ब्यावरा



बुधवार को वार्ड 4 में नलों से मटमैला पानी आने की शिकायत सामने आते ही नगर पालिका ने तत्परता दिखाते हुए तत्काल कार्रवाई की। गंदे पानी की जानकारी मिलते ही नपा सीएमओ इकरार इंजीनियर राहुल गुप्ता और जल प्रदाय अमले ने मौके पर पहुंचकर जल सप्लाई व्यवस्था की जांच की और संभावित लीकेज की पहचान की गई। एहतियातन प्रभावित क्षेत्र की पानी की सप्लाई तुरंत बंद कर दी गई, ताकि नागरिकों की सेहत पर कोई विपरीत असर न पड़े। नगर पालिका द्वारा पाइपलाइन की मरम्मत और सफाई का कार्य तेजी से शुरू कर दिया गया है। साथ ही, जब तक व्यवस्था पूरी तरह दुरुस्त नहीं हो जाती, टैंकरों के माध्यम से स्वच्छ पेयजल उपलब्ध कराने की व्यवस्था की गई है। इस त्वरित कदम से रहवासियों ने राहत की सांस ली है। नपा सीएमओ इकरार अहमद का कहना है कि शहर में जल सप्लाई लाइन और पानी की गुणवत्ता की नियमित जांच की जा रही है। वार्ड 4 में नालों में गंदा पानी आने की शिकायत मिली थी, जिस पर तुरंत कार्रवाई करते हुए सप्लाई रोकी गई है। समस्या के पूरी तरह समाधान के बाद ही सप्लाई बहाल की जाएगी। नगर पालिका की इस त्वरित और जिम्मेदार पहल से यह साफ है कि नागरिकों की सेहत सर्वोपरि है। समय रहते की गई कार्रवाई से किसी भी संभावित बीमारी या बड़ी घटना को टाल दिया गया, जो प्रशासन की सजगता और संवेदनशीलता को दर्शाता है।

**इनका कहना है...**

नल से गंदा पानी आने की सूचना मिलने के तुरंत बाद ही हम मौके पर पहुंचे और जल सप्लाई लाइन चेक किया गया और लीकेज ढूंढकर मरम्मत करवाई गई। जल सप्लाई लाइन और पानी की गुणवत्ता की नियमित जांच की जा रही है।

**इकरार अहमद**
नपा सीएमओ ब्यावरा

# ब्रह्माकुमारी सेवाकेंद्र पर मंत्री ने उड़ाई पतंग




**सारंगपुर।** स्थानीय प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय द्वारा मकर संक्रांति का पर्व उमंग-उल्लास के साथ सामुहिक रूप से मनाया गया। इस अवसर पर मंत्री डॉ गौतम टेटवाल भी सेवाकेंद्र पर त्याग-तपस्यामयी ब्रह्माकुमारी बहनों का आशीर्वाद लेने सेवाकेंद्र पहुंचे और कार्यक्रम में भाग लिया। मंत्री टेटवाल ने सेवाकेंद्र प्रभारी ब्रह्माकुमारी भाग्यलक्ष्मी दीदी के सानिध्य में शांति और सद्भावना की पतंग उड़ाई। मंत्री टेटवाल ने अपने उद्बोधन में ब्रह्माकुमारीज द्वारा नगर में किए जा रहे सेवाकार्यों की खुले हृदय से प्रशंसा की और बड़े ही भावुकता से सदैव सेवाकार्यो को आगे बढ़ाने की बात कही। मंत्री टेटवाल का ब्रह्माकुमारीज सेवाकेंद्र से विगत कई वर्षों से गहरा नाता रहा है,वे सेवाकेंद्र की सेवाओं को आगे बढ़ाने में सदैव अग्रणी भूमिका में रहे हैं। वे अपने उज्ज्वल भविष्य का श्रेय भी ब्रह्माकुमारी बहनों की त्याग-तपस्या और शिव बाबा पर अर्पित करते रहे हैं।

**जन्म के समय बेहद नाजुक थी बच्चों की हालत**

# जन्म के 36 दिन बाद स्वस्थ होकर घर लौटे जुड़वा बच्चे



**राजगढ़।** जिला अस्पताल राजगढ़ के विभिन्न वार्डों, यूनिटों से जहां अक्सर कई तरह की लापरवाही के मामले सामने आते रहते हैं। वहीं इसी अस्पताल की कुछ विंगों में बेहतर काम भी किया जा रहा है। इसी तरह के बेहतर काम की बानगी एसएनसीयू (नवजात शिशु गहन चिकित्सा ईकाई) से सामने आई है। गत 10 दिसंबर 2025 को ब्यावरा सिविल अस्पताल से दो जुड़वा नवजात बच्चों की गंभीर हालत देखते हुए उन्हें जिला अस्पताल के एसएनसीयू में रेफर किया गया था। जन्म के समय इन जुड़वां भाई-बहन की स्थिति बेहद नाजुक थी। दोनों बच्चों का वजन जहां बेहद कम था वहीं उन्हें श्वांस संबंधी बीमारी भी थी। इसके साथ ही बच्चे मां का दूध भी नहीं पी पा रहे थे। एनएनसीयू विंग प्रभारी डॉ. आरएस माथुर सहित स्टाफ सदस्यों द्वारा बच्चों की क्रिटिकल स्थिति देख उनका विशेष ध्यान रखते हुए उपचार आरंभ किया गया। करीब 36 दिनों तक चले उपचार उपरान्त पूरी तरह स्वस्थ होने पर बुधवार शाम दोनों बच्चों को माता-पिता के सुपुर्द कर घर के लिए रवाना कर दिया गया।

## 30 वर्षीय संजय कुमार गुप्ता का निधन



**जीरापुर।** नगर के मेडतवाल समाज के युवा सदस्य संजय कुमार गुप्ता का असामयिक निधन हो गया, वह 30 वर्ष के थे। गौरतलब है कि विगत 18 जुलाई 2025 को खिलचीपुर में विद्युत टांसफार्मर फटने का जो हादसा हुआ था उसमें ड्युटी के दौरान संजय कुमार टांसफार्मर फटने से उसके तेल की चपेट में आ गए थे जो बुरी तरह जल गये थे। जिन्हें तत्काल बाहर रेफर किया था तब 18जुलाई से लगातार संजय का इलाज भोपाल बंसल हास्पिटल में चल रहा था। जहां इलाज के दौरान उनकी मृत्यु हो गई। बुधवार भोपाल स्थित बंसल हांस्पिटल में पोस्ट मार्टम उपरांत शव परिजनों को सौंपा गया। जिनका अन्तिम संस्कार जीरापुर मुक्ति धाम पर किया गया। दिवंगत आत्मा के प्रति शोक संवेदना प्रकट करते हुए समाजसेवी दिनेश जमींदार एवं गिरीराज जुलानिया ने कहा कि संजय परिवार में दिनेश गुप्ता का इकलौता पुत्र था।

# मंत्री पंवार का क्षेत्रीय दौरा, विकास कार्यों का दिया सशक्त संदेश



हरिभूमि न्यूज ▶▶ सुठालिया

मकर संक्रांति के पावन पर्व के अवसर पर गुरुवार को मध्यप्रदेश शासन के मंत्री नारायण सिंह पंवार ने क्षेत्र के विभिन्न स्थानों का भ्रमण कर जनसंवाद, धार्मिक आस्था और विकास कार्यों का संदेश दिया। उनके इस दौरे में कार्यकर्ताओं से संवाद, विकास कार्यों की स्वीकृति तथा धार्मिक आयोजनों में सहभागिता प्रमुख रही।

गुरुवार सुबह मंत्री पंवार ने सुठालिया स्थित भारतीय जनता पार्टी कार्यालय पहुंचे, जहां उन्होंने पार्टी कार्यकर्ताओं एवं स्थानीय नागरिकों से आत्मीय भेंट कर संवाद किया। इस अवसर पर उन्होंने सभी को मकर संक्रांति की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि हमारे पर्व और परंपराएं समाज को एक सूत्र में बांधती हैं तथा सेवा और समर्पण की भावना को मजबूत करती हैं। जनसेवा ही हमारा मूल उद्देश्य है। इस दौरान मंत्री द्वारा विधायक निधि से कुल 10 लाख रुपये की राशि स्वीकृत की गई, जिससे बूढ़ा महादेव मंदिर एवं सरस्वती स्कूल में विभिन्न विकास कार्य कराए जाएंगे। उन्होंने कहा कि धार्मिक स्थलों का संरक्षण और शिक्षण संस्थानों का विकास समाज के सर्वांगीण विकास की नींव है। मकर संक्रांति के पावन अवसर पर मंत्री पंवार का यह दौरा जनसंवाद, विकास और आध्यात्मिक चेतना का समन्वित स्वरूप रहा, जिससे क्षेत्र में सकारात्मक संदेश गया और जनविश्वास और अधिक सुदृढ़ हुआ।

### महादेव मंदिर पर मकर संक्रांति पर अनुष्ठान संपन्न

**लखनवास।** सुंदरपुरा गांव में गुरुवार को मकर संक्रांति के पर्व पर शिवालय महादेव मंदिर में श्रद्धा और उल्लास का अद्भुत संगम देखने को मिला। हर साल की गौरवशाली परंपरा को जीवंत रखते हुए इस वर्ष भी मंदिर परिसर में आयोजित धार्मिक अनुष्ठान यज्ञ का विधि-विधान के साथ समापन हुआ। यज्ञ की पूर्णाहुति और विशेष पूजा मकर संक्रांति के अवसर पर। आज सुबह से ही महादेव के दर्शन के लिए भक्तों की लंबी कतारें देखी गईं। दोपहर में विद्वान पंडितों द्वारा मंत्रोच्चार के बीच यज्ञ की पूर्णाहुति डाली गई। समापन के अवसर पर हर-हर महादेव के जयघोष से पूरा मंदिर परिसर गुंजायमान हो उठा।

### पुलिस ने महिला को दिलाया उपचार

**विदिशा।** थाना कोतवाली पुलिस ने मानवीय संवेदना का परिचय देते हुए मानसिक स्वास्थ्य संबंधी समस्या से पीड़ित एक असहाय महिला को सुरक्षित उपचार उपलब्ध कराया।

बिजनेस न्यूज

असाध्य रोगों के स्थाई इलाज की जागी नई उम्मीद

# ब्यावरा में होम्योपैथी क्लीनिक का शुभारंभ

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ब्यावरा

नगर में होम्योपैथी चिकित्सा पद्धति का पहला क्लीनिक शुरू होने से क्षेत्रवासियों को एक नई और सुलभ स्वास्थ्य सुविधा मिली है। वर्षों से एलोपैथिक उपचार पर निर्भर लोगों के लिए यह क्लीनिक अब एक वैकल्पिक और सुरक्षित इलाज का विकल्प लेकर आया है।

खास बात यह है कि इस क्लीनिक में कई ऐसे असाध्य और जटिल रोगों के इलाज का दावा किया जा रहा है, जिनसे पीड़ित मरीज लंबे समय से परेशान हैं। सुठालिया बायपास पर सरदार पटेल स्कूल केंपस में क्लीनिक के शुभारंभ अवसर पर स्थानीय जनप्रतिनिधि, समाजसेवी, चिकित्सक और बड़ी संख्या में नगरवासी उपस्थित रहे। वहीं होम्योपैथी डॉ ध्रुव कमल आलोक प्रसाद बताते हैं कि होम्योपैथी एक ऐसी चिकित्सा पद्धति है जो शरीर की रोग प्रतिरोधक क्षमता को बढ़ाकर जड़ से रोग को ठीक करती है। इसके उपचार में दवाइयों के साइड इफेक्ट न के बराबर होते हैं, जिससे यह बच्चों, बुजुर्गों और महिलाओं के लिए विशेष रूप से उपयोगी मानी जाती है।



### कई असाध्य रोग के मरीजों का भी हो सकेगा स्थाई उपचार

क्लीनिक संचालक होम्योपैथी चिकित्सक डॉ ध्रुव ने जानकारी देते हुए बताया कि यहां त्वचा रोग, दमा, एलर्जी, माइग्रेन, गठिया, थायरॉइड, मधुमेह, पेट संबंधी रोग, मानसिक तनाव, अनिद्रा, स्त्री एवं बाल रोग, साथ ही लंबे समय से चले आ रहे असाध्य रोगों का भी उपचार किया जाएगा। उन्होंने बताया कि होम्योपैथी इलाज मरीज की पूरी शारीरिक और मानसिक स्थिति को समझकर किया जाता है, जिससे रोग की पुनरावृत्ति की संभावना कम हो जाती है। नगरवासियों का कहना है कि अब तक होम्योपैथी उपचार के लिए उन्हें इंदौर, भोपाल या अन्य बड़े शहरों का रुख करना पड़ता था, जिससे समय और पैसे दोनों की परेशानी होती थी। ब्यावरा में क्लीनिक खुलने से अब स्थानीय स्तर पर ही गुणवत्तापूर्ण उपचार मिल सकेगा। खासकर मध्यम और गरीब वर्ग के लिए यह सुविधा राहत भरी साबित होगी। क्लीनिक में आधुनिक परामर्श व्यवस्था, मरीजों की विस्तृत जांच और व्यक्तिगत उपचार पद्धति अपनाई जाएगी। चिकित्सक ने यह भी बताया कि जरूरतमंद मरीजों के लिए भविष्य में निःशुल्क चिकित्सा शिविर और जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे, ताकि लोग होम्योपैथी के लाभों से परिचित हो सकें।